दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 333 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | सोमवार, 06 अक्टूबर 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



# नेपाल में लैंडस्लाइड

## दो दिन में 52 की मौत, कई लोग लापता

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेपाल में शुक्रवार से हो रही भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड और बाढ़ से दो दिन में 52 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लापता हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सबसे ज्यादा नुकसान पूर्वी नेपाल के इलाम जिले में हुआ, जहां लैंडस्लाइड में 37 लोगों की मौत हो गई। इलाम की जिला अधिकारी सुनिता नेपाल ने कहा- रात भर हुई मूसलाधार बारिश ने लैंडस्लाइड को ट्रिगर किया, जिससे भारी नुकसान हुआ। कई इलाकों में सड़कें जाम होने की वजह से रेस्क्यू में मुश्किल आ रही है। बचावकर्मी पैदल ही प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। राजधानी काठमांडू में भी हालात खतरनाक बने हुए हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई घर और बस्तियां डूब गई हैं। सिक्योरिटी फोर्सेज हेलिकॉप्टर और मोटरबोट से रेस्क्यू में जुटी हैं। नेपाल सरकार ने सोमवार और मंगलवार को पूरे देश में पब्लिक हॉलिडे घोषित किया है। मौसम विभाग ने 12 से ज्यादा जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है।

### बारिश के लंबे मौसम से ज्यादा नुकसान हुआ

नेपाल में हर साल जून से सितंबर तक मानसून की बारिश होती है, लेकिन इस बार बारिश का मौसम देर तक चला, जिससे नुकसान ज्यादा हो रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं। इनका समय और तीव्रता भी पहले से ज्यादा खतरनाक हो गई है। नेपाल जैसे पहाड़ी देशों में यह खतरा और भी बड़ा है। दक्षिण-पूर्वी नेपाल में कोशी नदी का जलस्तर सामान्य से दोगुना से ज्यादा हो गया है। लोकल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि कोशी बैराज के सभी 56 गेट खोल दिए गए हैं।

### सड़कें बंद होने से सैकड़ों यात्री फंसे

भूस्खलन की वजह से कई मुख्य सड़कें बंद हो गई हैं, जिसकी वजह से ट्रैफिक पूरी तरह ठप है। दशैं त्योहार के बाद घर लौट रहे सैकड़ों यात्री फंस गए हैं। दशैं नेपाल का सबसे बड़ा धार्मिक त्योहार है, जिसमें लोग अपने परिवारों से मिलने गांव जाते हैं। खराब मौसम की वजह से शनिवार को घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गईं। हालांकि अंतरराष्ट्रीय उड़ानें कुछ देरी के साथ चल रही हैं। काठमांडू एयरपोर्ट के प्रवक्ता रिंजी शेरपा ने कहा- घरेलू उड़ानें पूरी तरह बंद हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानें सामान्य रूप से चल रही हैं।

### लोग बोले- हमारे घरों में पानी घुस आया, अब कुछ नहीं बचा

एक महिला ने मीडिया को बताया कि रात में अचानक पानी और मलबा हमारे घरों में घुस आया। कई लोगों ने अपना सब कुछ खो दिया। काठमांडू की एक अन्य महिला ने कहा- हमारे घर में कमर तक पानी भर गया। अब हमारे पास कुछ नहीं बचा। नेपाल सरकार ने लोगों से नदियों और पहाड़ी इलाकों के पास सावधानी बरतने को कहा है। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मदद मांगी जा रही है। एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि अगर जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए जल्दी कदम नहीं उठाए गए, तो दक्षिण एशिया में ऐसी आपदाएं और बढ़ेंगी।

### माउंट एवरेस्ट पर बर्फीले तूफान से 1000 लोग कैंप में फंसे

दूसरी तरफ, तिब्बत में माउंट एवरेस्ट के पूर्वी हिस्से में भयंकर बर्फीला तूफान से करीब 1000 लोग कैंपों में फंस गए। बर्फ ने सड़कों को पूरी तरह बंद कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रविवार को स्थानीय लोग और बचाव टीमें बर्फ हटाने में जुट गई हैं। यह जगह 4900 मीटर (16,000 फीट) की ऊंचाई पर है। कुछ पर्यटकों को सुरक्षित नीचे लाया गया है। बर्फबारी शुक्रवार शाम से शुरू हुई और शनिवार तक चली। तिंगरी काउंटी टूरिज्म कंपनी ने बताया कि शनिवार रात से एवरेस्ट क्षेत्र में टिकट बिक्री और लोगों का प्रवेश बंद है।

## गहलोत बोले- सिरप मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे



**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सिरप पीने से बच्चों की मौत मामले को लेकर कहा कि सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही। पहले भी इस तरह की घटना हुई थी। आई ड्रॉप में गड़बड़ हो गई थी, तो उस पर बैन लग गया था। गहलोत ने कहा कि आज भी पूरा प्रोसेस एडॉप्ट करना चाहिए। पहले परमिशन लो और दवाई की जांच करवाओ। आज सिरप वाली बात आई है, तो इस पर तुरंत एक्शन होना चाहिए। पिछली सरकार में सैंपल फेल होने के बाद भी बैन नहीं करने के सवाल पर गहलोत ने कहा कि तो बैन अब लगा देते, अब कार्रवाई कर लो। गड़बड़ की है तो अब जेल भेज दो। किसी सरकार में क्या हुआ, उस समय क्या फैसला हुआ, क्या नहीं हुआ, क्यों नहीं हुआ ये तो मैं अभी नहीं कह सकता, लेकिन गलती किसी की भी हो, किसी सरकार के अंदर हुई हो, मैं समझता हूं उसके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के शनिवार को सिरप को लेकर दिए गए जवाब पर गहलोत ने कहा कि मुझे नहीं मालूम कि मंत्री ने क्या कहा है। मेरा मानना है कि स्वास्थ्य मंत्री भी इस बात को जानते हैं, वो अनुभवी हैं, पहले भी मंत्री रह चुके हैं। अगर वो कुछ कह रहे हैं, तो जांच करके कह रहे होंगे या जांच करवा रहे होंगे।

## दार्जिलिंग में लैंडस्लाइड : 23 की मौत, 2 हजार टूरिस्ट फंसे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में तेज बारिश के बाद शनिवार रात हुई लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 23 हो गई है। इनमें 7 बच्चे हैं। कई लोग अब भी लापता हैं। मलबे में कई घर बह गए। दार्जिलिंग और सिक्किम का सड़क संपर्क देश के बाकी हिस्सों से टूट गया है। पर्यटन सीजन होने के कारण दार्जिलिंग और सिक्किम में 2 हजार से ज्यादा पर्यटक फंसे हैं। दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, कालिम्पोंग, और अलीपुरदुआर



जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगी।

दार्जिलिंग और कर्सियांग के बीच नेशनल हाइवे टूट गया है। मिरिक और दूधिया के पास लोहे के एक ब्रिज के टूटने से दार्जिलिंग से सिलीगुड़ी का वैकल्पिक रास्ता भी बंद हो गया है। अलीपुरदुआर में रेल ट्रैक डूबने से तीन गाड़ियां रद्द की गई हैं। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग में चाय के बागान लबालब हो गए हैं।

## एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में आग

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर के सबसे बड़े एसएमएस अस्पताल में रविवार देर रात अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ट्रॉमा सेंटर के ICU में अचानक आग लगने से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। आग लगते ही धुआं पूरे वार्ड में फैल गया, जिससे मरीजों और उनके परिजनों में भगदड़ मच गई। स्टाफ ने तत्काल कार्रवाई करते



हुए सभी मरीजों को बेड सहित बाहर सड़क पर शिफ्ट किया। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। रात देर तक फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुटी रही। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है, लेकिन पूरे परिसर में डर और अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है।

पाकिस्तानी सेना के बाद रक्षामंत्री की भारत को धमकी:कहा

## जंग हुई तो भारत अपने ही फाइटर जेट्स के मलबे में दब जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने धमकी देते हुए कहा है कि अबकी बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया X पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है। आसिफ ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली जानबूझकर तनाव बढ़ा रही है ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके। इससे पहले पाकिस्तान सेना ने शनिवार रात को कहा था कि अगर अब दोनों देशों के बीच युद्ध हुआ तो तबाही होगी। अगर दुश्मनी का नया दौर शुरू हुआ तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब देंगे। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ISPR ने ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर कहा था कि भारतीय रक्षामंत्री और सेना के अधिकारियों के गैर-जिम्मेदाराना बयान जंग को बढ़ावा देने की कोशिश हैं। इसके साथ ही भारतीय आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी पर निशाना साधते हुए पाकिस्तानी सेना ने कहा- जहां तक पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने की बातें हैं। भारत को पता होना चाहिए कि ऐसे हालात आते हैं, तो दोनों देश मिट जाएंगे। दरअसल, शुक्रवार को उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था- पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि उसे मैप में रहना है या नहीं। अगर अपनी जगह बनानी है, तो उसे आतंकवाद को संरक्षण देना बंद करना पड़ेगा।



## 34 महीने की कैद के बाद जेल से रिहा हुए पूर्व विधायक हाजी इरफान सोलंकी अज़मेर पहुंचे



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी )।** विश्व प्रसिद्ध महान सूफी सन हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शरीफ में उत्तर प्रदेश के कानपुर से समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक हाजी इरफान सोलंकी 34 महीने की लंबी कैद के बाद जेल से रिहा हुए हाजी इरफान ने सबसे पहले अपने परिवार के साथ राजस्थान के अजमेर शरीफ पहुंचकर सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की पवित्र दरगाह में हाजिरी दी औऱ शुक्राने की चादर पेश की । उन्हें दरगाह के ख़ादिम सैयद जहूर बाबा ने जियारत कराई व दस्तारबंदी कर दरग़ाह शरीफ़ का तबरुक दिया । इरफान ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, जेल में रहते हुए मैंने बहुत कुछ सीखा। राजनीतिक साजिशों का शिकार बना, लेकिन न्याय की जीत हुई। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया अब मैं कानपुर लौटकर जनसेवा में जुटूंगा। हाजी इरफान सोलंकी ने कहा कि मेरी पत्नी मौजूदा विधायक नसीम की तारीफ की, उन्होंने मेरी अनुपस्थिति में विधानसभा में आवाज बुलंद रखी। हाजी इरफान ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दलों के नेताओं को फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, रिहाई के बाद उनका फोकस अब सामाजिक कार्यों पर है।

## स्वदेशी उत्पाद हमारे भाइयों की मेहनत को ही बढ़ावा देते हैं

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** भाजपा की ओर से आत्मनिर्भर भारत के तहत पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि स्वदेशी अपनाकर हम आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार कर सकते हैं। देश में बनी वस्तुओं को बढ़ावा देने, स्वदेशी बनाओ व स्वदेशी अपनाओ और लोकल फॉर वोकल जैसे अभियान को जन-जन तक ले जाने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जीवन का हिस्सा बनाने की आवश्यकता है। स्वदेशी उत्पाद चुनने पर हम केवल एक वस्तु नहीं खरीदते बल्कि किसी न किसी भारतीय का सपना और उसकी मेहनत को बढ़ावा देते हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। आज रक्षा क्षेत्र में भी हम आत्मनिर्भर बने हुए हैं। ये कदम देश की सुरक्षा और सामर्थ्य दोनों को नई उड़ान दे रहा है।

**सिरोही को मिली केंद्रीय विद्यालय की सौगात :** सांसद ने इस दौरान बताया कि सिरोही जिला मुख्यालय पर लंबे समय से केंद्रीय विद्यालय की मांग चल रही थी। आकांक्षी जिला होने से जनता की मांग पर सिरोही को केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिल चुकी है। इस दौरान जिला महामंत्री गणपतसिंह राठौड़, मीडिया प्रभारी रोहित खत्री, आत्मनिर्भर भारत जिला संयोजक नारायण देवासी, दीपेंद्रसिंह, गोपाल माली, मंडल अध्यक्ष चिराग रावल, गोविंद माली मौजूद थे।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम के तहत हुई बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग करौली के जिला प्रभारी के निजी सहायक अजीम खान चिनायटा ने बताया कि करौली में संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम के तहत एक बैठक का आयोजन किया जिसमें कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग करौली के जिला प्रभारी मुकीम खान उपस्थित रहे। इस बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवारों के बायोडाटा लिए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग करौली जिला प्रभारी मुकीम खान, जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा, करौली धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव, हिंडौन विधायक अनीता जाटव, करौली पूर्व विधायक लाखन सिंह कटकड, हिंडौन शहर वक्फ कमेटी सदर बब्बू भाई, एजाज अहमद ब्लॉक अध्यक्ष हिंडौन, कृपाल मीणा आमिर कुरैशी रफीक शाह पूर्व डायरेक्टर,एड मुगनी, सोनू अली हाडौली, निजामुद्दीन पूर्व जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक, रफीक ताज, अबरार काजी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग हाजी इलियास युसूफ सैफी रिजवान पार्षद खलील ट्रेलर सुभान खान एवं समस्त पदाधिकारीगण व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सूरौठ कस्बे में स्वयंसेवकों ने 100 वें स्थापना दिवस पर विजयादशमी उत्सव मनाया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सूरौठ -तहसील में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के 100 वें स्थापना दिवस पर स्वयंसेवक पारंपरिक



गणवेश में शामिल हुए सूरौठ नगरपालिका परिसर में शाम 4 बजे सभी स्वयं सेवक उपस्थित हुए जिसमें विजयादशमी उत्सव मनाया गया, सह जिला कार्यावाह यादराम जी ने कहा कि इस वर्ष आरएसएस का शताब्दी वर्ष है,और यह हमारा सौभाग्य है कि हमें महाकुंभ की तरह संघ का शताब्दी वर्ष देखने का शुभ अवसर मिला, सामाजिक बदलाव के लिए प्रतिबद्ध,-संघ ने स्पष्ट किया कि शताब्दी वर्ष का उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है, पंच परिवर्तन के माध्यम से पर्यावरण, सामाजिक एकता, आत्मनिर्भरता ,और पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने के साथ-साथ नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा, यह आयोजन समाज के हर वर्ग को जोडऩे और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का एक प्रयास होगा, इस मौके पर सह खंड कार्यावाह सियाराम शरण, जिला कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक नरेश कुमार, खंड व्यवस्था प्रमुख रामवतार शर्मा ,खंड ग्रामीण प्रमुख अनिल शर्मा, खंड बौध्दिक प्रमुख रामचंद्र सिंह, भारत राजावत, देवानंद गुप्ता, टीकाराम शर्मा, कुशराज देशवाल, अशोक सैनी , बंटी सैनी , अवधेश शर्मा , रिंकू शर्मा दुष्यंत शर्मा निरंजन सैनी, सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित रहें ।

### भीमाना में खनन परियोजना के विरोध में उमड़ा जन सैलाब

# जल-जीवन व जंगल पर कुठाराघात वाली परियोजना निरस्त हों

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही(नि.स.)।** पिण्डवाड़ा तहसील के भीमाना गांव में उमड़े जनसैलाब ने समवेत स्वर में कहा कि जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आदिवासी पहले ही पहले से ही रोजगार व स्वास्थ्य की समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में उनकी जमीन पर शुरू कर रहे खनन परियोजना से भारी नुकसान का अंदेशा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राजनीतिक संरक्षण के कारण अंदरखाने ही खनन परियोजना को स्वीकृति दी जा रही है, जिसे निरस्त किया जाना चाहिए। आदिवासी क्षेत्र में यह परियोजना जल, जीवन व जंगल पर कुठाराघात करने वाली है। ग्रामीणों ने खनन परियोजना के विरोध में यहां रविवार को आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान वाटेरा, भीमाना, भारजा व रोहिड़ा पंचायत क्षेत्र के कई गांवों के लोगों ने एकजुटता से विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने इस परियोजना को तत्काल निरस्त करने की मांग की। धरने में लोगों ने एक स्वर में कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की कृषि भूमि, पर्यावरण और जनजीवन को नष्ट कर देगी, इसलिए इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन जनता और पर्यावरण की रक्षा के लिए है। परियोजना निरस्त नहीं होने पर आगामी दिनों आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### फिर न जल बचेगा और न रोजगार

धरना स्थल पर पहुंचे हजारों लोगों ने इस खनन परियोजना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि करीब 800 हैक्टेयर क्षेत्र में चूना पत्थर खनन की यह परियोजना शुरू होते ही क्षेत्र के पेड़, पहाड़ और जलस्रोत खत्म हो जाएंगे। आरोप लगाया कि खनन की इस योजना में कई किसानों की खातेदारी भूमि भी शामिल की गई है, जिससे वे अपनी आजीविका खो देंगे।

### ग्रामीणों ने लगाए भाजपा नेताओं पर आरोप

ग्रामीणों के धरने में विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े प्रतिनिधि व संगठनों के लोग सम्मिलित हुए। इस दौरान भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधियों की गैर मौजूदगी से ग्रामीणों में नाराजगी नजर आई। प्रधान नितिन बंसल के विरुद्ध तो नारेबाजी तक की गई। ग्रामीणों का आरोप रहा कि वे जनता के हित के मुद्दों से बचने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया कि यह मामला जनता की जमीन और पर्यावरण से जुड़ा हुआ है, लेकिन भाजपा जिलाध्यक्ष, सांसद व अन्य वरिष्ठ राजनेता जनभावनाओं के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे।

### विधायक को झेलना पड़ा जनाक्रोश

धरने पर पहुंचे विधायक समाराम गरासिया को भी लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने पूछा कि जब राज्य और केंद्र दोनों जगह भाजपा की सरकार है तो जनता की आवाज को क्यों नहीं सुना जा रहा। इस खनन परियोजना को रद्द कराने के पुरजोर प्रयास क्यों नहीं किए जा रहे। विधायक ने लोगों को भरोसा दिलाया कि वे जनता के साथ खड़े हैं और उनकी भावना को सरकार तक पहुंचाया जाएगा।

# यूपीएल (उदयपुर प्रीमियर लीग) के दूसरे सीजन का भव्य आगाज

### पहली बार डीआरएस, हाइएस्ट सिक्स की मॉनिटरिंग




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** यूपीएल (उदयपुर प्रीमियर लीग) के दूसरे सीजऩ का आगाज़ शनिवार शाम एक भव्य समारोह में ट्रॉफी और जर्सी लॉन्चिंग के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में इक्विटास बैंक के ललित श्रीमाली, ई पर्क्स के अभिजीत भंडारी, शैतान सिंह झाला, सुरजीत गुलेरिया, रवि पोतरा, यूडीसीए के सचिव मनोज चौधरी मौजूद रहे।

यूपीएल के प्रतीक परिहार ने बताया कि पहले सीजऩ की अपार सफलता ने यूपीएल के दूसरे सीजऩ को आयोजित करने पर मजबूर कर दिया। इस बार 2 टीमें और जोड़ी गई हैं। कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी। 6-6 टीमों का पूल बनेगा। टीमों के नाम मेवाड़ के प्रसिद्ध स्थानों में नाम पर रखे गये हैं। इनमें अरावली एवेंजर्स, गणगौर वारियर्स, महाराणा किंग्स, फतेह फ़ालकन्स, चेतक स्टालिन्स, बागोर रॉयल्स, प्रताप वारियर्स, हल्दीघाटी योद्धाज़, सज्जनगढ़ स्ट्राइकर्स, पिछोला पैंथर्स, मेवाड़ लीजेंड्स और लेक टाइटंस शामिल हैं।

आयोजन सचिव अनिरुद्ध सांखला ने बताया कि इस बार इस सीजन में मैचों में पहली बार ष्ठक्रस् लांच किया गया है जो राजस्थान में संभवतः पहली बार होगा। प्रतिदिन तीन मैच खेले जाएंगे। फाइनल 17 अक्टूबर को होगा। सर्वाधिक ऊंचे सिक्स की मॉनिटरिंग के साथ कमर के ऊपर से जाने वाली नो बॉल को भी मॉनिटर करने का प्रयास रहेगा। समारोह में प्रायोजकों, प्लेयर्स, फ्रैंचाइज़ी ऑनर्स और अतिथियों का उपरणा ओढ़ा, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

# उदयपुर की अनीता शर्मा को जयपुर में राष्ट्रीय गौरव सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक गौरव सम्मान समारोह में उदयपुर की समाजसेविका अनीता शर्मा को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। अनीता शर्मा वर्तमान में मंजरी फाउंडेशन में एक्जीक्यूटिव पद पर कार्यरत हैं और पिछले एक दशक से अधिक समय से महिलाओं के आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही हैं। वे ग्रामीण व आदिवासी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों और रोजगार सृजन की पहल में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं के साथ ही अनीता ने बच्चों और किशोरियों के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने 2015 से 2018 तक सरकारी स्कूलों में गुड टच - बैड टच पर विशेष सेशन लेकर हजारों बच्चों को सुरक्षित रहने की शिक्षा दी। इसके अलावा किशोरियों में मासिक धर्म व स्वास्थ्य जागरूकता पर भी कई अभियान चलाए, जिससे ग्रामीण इलाकों की बच्चियों में नई सोच और आत्मविश्वास का संचार हुआ। अनीता शर्मा का मानना है कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब महिलाएँ और बच्चे सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर हों। वे आज भी अपने व्यस्त समय से क्षण निकालकर गाँव-गाँव पहुँचती हैं और ज़रूरतमंदों की समस्याओं को हल करने में योगदान देती हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मिले इस सम्मान से उदयपुर ही नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान का गौरव बढ़ा है।

# प्रागपुरा में धार्मिक अनुष्ठानः गंगा में विसर्जित की जाएगी श्मशान की भस्म

बढ़ता राजस्थान



**प्रागपुरा (नि.स.)।** कस्बे में शनिवार को एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें प्रागपुरा मोक्षधाम सेवा समिति द्वारा अपने पूर्वजों के अन्तिम संस्कार किये जाने के उपरान्त श्मशान भूमि में एकत्रित भस्म को हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी में विसर्जन के लिए भेजा गया। इस धार्मिक अनुष्ठान को पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र पारिक, प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत, इन्द्रराज जांगिड़ और भामाशाह बजरंग लाल बंसल ने वाहन को हरी झंडी दिखा कस्बे के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में विधिवत रवाना किया। मोक्षधाम सेवा समिति के सदस्य प्रमोद शर्मा ने बताया कि समिति सदस्यों द्वारा सर्व समाज के श्मशान भूमि की भस्म कट्टों में भरकर पीकअप वाहन द्वारा हरिद्वार गंगा में प्रवाहित करने के लिए भेजा है। जहां हरिद्वार गंगा नदी में भस्म विसर्जन करने के लिए एक दल भी वाहन के साथ पहुंचा है। इस दल में पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, अंजनी शर्मा, प्रमोद शर्मा, संतोष खंडेलवाल, शंकर दप्तरी, महेश मिश्रा, डॉ. संजय शर्मा, सुरेन्द्र चावला, सत्तु कुमावत, मोहन चौपड़ा, पांचूराम आदि शामिल हैं।

## वॉक बाय द लेक मैराथन आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** टेम्पसेन्स के पॉजिटिव चार्ज चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार सुबह 6 बजे फतहसागर पर वॉक बाय द लेक मैराथन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य गो ग्रीन - प्लांट ट्रीज़, सेव नेचर - सेव द वर्ल्ड था। साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता पर भी ज़ोर दिया गया। दौड़ का मार्ग राजीव गांधी पार्क के पास स्वयंभू पॉइंट से शुरू हुआ, जो रानी रोड से महाकालेश्वर मंदिर तक था और वापस दौड़ के आरंभिक स्थल पर समाप्त हुआ। सभी प्रतिभागियों को पौधे वितरित किए गए ताकि हरित पर्यावरण बनाने में वे अपना योगदान दे सकें। इस पहल ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और प्रकृति के संरक्षण में व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी के महत्व पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में टेम्पसेंस परिवार की विभिन्न इकाइयों - टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स सभी 6 यूनिट, पायरोसेंस टेक्नोलॉजीज़ और एक्यूरेट ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्स के लगभग 500 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा दिया गया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की तत्काल आवश्यकता पर भी जोर दिया गया, जिससे प्रतिभागी स्वस्थ और हरित जीवन शैली अपना सकें। मैराथन के परिणामों में पुरुष वर्ग में बाबू लोहार, मालम सिंह और जगन्नाथ और महिला वर्ग में इंदिरा मीणा, गंगोत्री मीणा कर जया कुमारी मीणा क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे।

### उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने की शिरकत

# जाटव समाज का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आज, 300 प्रतिभाओं का होगा सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** जाटव समाज का पंचम जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को बयाना रोड पर बारौलिया पेट्रोल पंप के सामने आयोजित हुआ। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 300 प्रतिभाओ का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा, सांसद भजन लाल जाटव, विधायक अनीता जाटव व अन्य अतिथियों ने डॉ भीमराव अम्बेडकर व भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया।कार्यक्रम में वित्त विभाग के विशिष्ट शासन सचिव इंद्राज सिंह मेघवाल, सामान्य विभाग के शासन सचिव दाताराम, पूर्व संभागीय आयुक्त पी सी पोरवाल, विधायक अनीता जाटव, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, नगर परिषद सभापति बृजेश जाटव,हिंडौन पंचायत समिति प्रधान विनोद कुमार, श्री महावीरजी पंचायत समिति प्रधान राजेश कुमारी, लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रही इंदू जाटव, एसपी लोकेश सोनवाल आदि मंचासीन रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित हुए।उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का स्कूली छात्राओ ने तिलक वंदन कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद ने बैरवा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक ताराचंद जाटव ने की। संयोजक तारा चंद जाटव ने बताया कि समारोह में समाज की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। प्राप्त आवेदनों के अनुसार, कक्षा 10वीं के 99, कक्षा 12वीं कला वर्ग के 50, विज्ञान वर्ग के 50, नीट के 21, आईआईटी के 09 तथा नव चयनित राज्य कर्मचारियों के 42 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल 271 प्रतिभाओं को चांदी के मेडल, प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं नगद पुरस्कार से नवाजा गया।

# भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शनः सीएम भजन लाल शर्मा का पुतला दहन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ और अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने पावटा में जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेसजनों ने मुख्य बाजार की गलियों से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के पुतले की शवयात्रा निकाली और सुभाष चौक पर पुतला दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यक्रम में एसटी मोर्चा कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगदीश मीणा व ब्लॉक संगठन महामंत्री अजय सैनी ने कहा कि जयपुर स्थित राजस्थान विश्वविद्यालय में संघ के शताब्दी वर्ष पर हथियारों का प्रदर्शन कर छात्र-छात्राओं पर विचारधारा थोपने का प्रयास किया गया, जिसके विरोध में एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। लेकिन पुलिस ने भाजपा सरकार के इशारे पर लाठीचार्ज कर जाखड़ व अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं युवा नेता ओपी बायला ने कहा कि भाजपा सरकार छात्रों पर संघ की विचारधारा थोपने का प्रयास कर रही है। विनोद जाखड़ की गिरफ्तारी इसी कड़ी का हिस्सा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विनोद जाखड़ सहित अन्य पदाधिकारियों को शीघ्र रिहा नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी और मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बजरंग यादव, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह, तथा मंडल अध्यक्ष सागरमल वर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं को अनुचित रूप से गिरफ्तार कर हवालात में डालना लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रहार है। जुलूस के दौरान क्षेत्र में काफी भीड़ उमड़ी तथा अपने घरों और दुकानों से बाहर निकलकर अनेकों लोगों ने प्रदर्शन का समर्थन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अब चुप नहीं बैठेंगे, लोकतंत्र की रक्षा के लिए सडक़ों पर उतरकर संघर्ष जारी रखेंगे। प्रदर्शन के दौरान मुख्य बस स्टैंड से लेकर पुराना रोड तक शवयात्रा निकाली गई और अंत में सुभाष चौक पर पुतला दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए गए जिससे माहौल पूरी तरह से कांग्रेसमय हो गया। कार्यकर्ताओं ने "भाजपा सरकार मुर्दाबाद, विनोद जाखड़ जिंदाबाद, लोकतंत्र जिंदाबाद" के नारों से पूरा कस्बा गुंजा दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश बाकोलिया, पूर्व विधायक प्रतिनिधि मुकेश गुर्जर, समाजसेवी गणेश सैनी, समाजसेवी सुरेंद्र मीणा, राजेंद्र यादव, सुनील वर्मा (एनएसयूआई), विकास वर्मा, मालीराम बॉडीगर, निशांत धनकड़, रवि सैनी, अशोक आर्य, हेमंत कुलदीप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

## शरद पूर्णिमा महोत्सव आजः सेवाकुंज आश्रम में भजनों की रसधारा बहेगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी सेवाकुंज आश्रम, महल रोड, जयपुर में शरद पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन दिनांक 6 अक्टूबर 2025 (सोमवार) को किया जा रहा है। यह आयोजन संत बाबा कल्याण दास जी महाराजके पावन मार्गदर्शन में संपन्न होगा। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 7.30 बजे से किया जाएगा, जिसमें श्री राधा कृष्ण बिहारी संकीर्तन मंडल द्वारा भजनों की रसधारा प्रवाहित की जाएगी। भक्तिमय वातावरण में भजन संध्या का विशेष आयोजन होगा, जिसमें राधा-कृष्ण की महिमा और प्रेम रस से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।भजनों के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए पत्तल प्रसादीका आयोजन रखा गया है। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है तथा भक्तों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजकों ने अधिकाधिक श्रद्धालुओं से इस अवसर पर उपस्थित होकर शरद पूर्णिमा की दिव्य रात्रि में भगवान श्री राधा-कृष्ण के भक्ति रस में डूबने का आग्रह किया है।



## भाजपा जयपुर देहात उत्तर जिला उपाध्यक्ष अर्चना कुमावत का दिल्ली दौरा

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** भाजपा जयपुर देहात उत्तर की जिला उपाध्यक्ष अर्चना कुमावत ने हाल ही में परिवार सहित दिल्ली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली हाट में आयोजित खादी महोत्सव 2025 का भ्रमण कर खादी और स्वदेशी उत्पादों की महत्ता पर जोर दिया। कुमावत ने कहा कि खादी केवल एक वस्त्र नहीं है, बल्कि यह महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत विजन का प्रतीक है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे खादी अपनाएँ, देशी कारीगरों को प्रोत्साहित करें और देश की समृद्ध संस्कृति का हिस्सा बनें। इसके साथ ही, अर्चना कुमावत ने राष्ट्रपति भवन, लाल किला और कुतुब मीनार का भी भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि इन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का दर्शन प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा। भ्रमण के दौरान राष्ट्रपति भवन में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में कार्यरत चौमू विधानसभा के निवासी रामावतार कुमावत से मुलाकात कर उनके कार्य की सराहना की। अर्चना कुमावत के साथ उनके पति व पूर्व प्रदेश डिजिटल मीडिया प्रभारी डॉ. जितेंद्र कुमावत और पुत्री तेजल कुमावत भी मौजूद थीं। यह दौरा न केवल ऐतिहासिक स्थलों का अनुभव कराने वाला रहा, बल्कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान देने का भी संदेश देता है।



## नगर परिषद द्वारा तहसील परिसर के पीछे लाइटों को किया दुरुस्त

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** नगर परिषद क्षेत्र में दीपावली से पहले स्ट्रीट लाइटों के मेंटेनेंस कार्य को गति दी गई है। हाल ही में नगर परिषद द्वारा आयोजित जनसुनवाई शिविरों में वार्डों में खराब पड़ी रोड लाइटों की शिकायतें दर्ज कराई थीं। इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर परिषद द्वारा लाइट सुधार कार्य प्रारंभ किया गया है।भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार बंसल ने जानकारी दी कि वार्ड नंबर 34 में सीताराम जी के मंदिर के पास, पुराने पोस्ट ऑफिस, आजाद मार्केट, तहसील परिसर के पीछे, तथा श्री नरसिंह जी के मंदिर के पास सहित कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त किया गया है। नगर परिषद के लाइट मेंटेनेंस ठेकेदार मोहन सैनी ने बताया कि दीपावली से पूर्व नगर परिषद क्षेत्र के लगभग सभी वार्डों में लाइटों का निरीक्षण व सुधार कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, जिससे त्योहार के दौरान नागरिकों को बेहतर प्रकाश व्यवस्था का लाभ मिल सके।



## स्पीकर पेपर बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मालपुरा गेट थाना इलाके में स्थित एक स्पीकर पेपर बनाने वाली फैक्ट्री में रविवार सुबह आग लग गई। आग लगने पर काम कर रहे लोगों ने शोर कर दिया। जिससे पहली और दूसरी मंजिल पर बैठे मजदूर और लोग बाहर निकल गए। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना पर छह दमकलें मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू किया। जानकारी के अनुसार आग बोर्ड में शॉर्ट सर्किट होने से पहली और दूसरी मंजिल तक भी फैल गई थी।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष समारोह

# पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन के माध्यम से अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं संस्कृति का दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर खण्ड नारेहड़ा द्वारा एक भव्य पथ संचलन, विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।पथ संचलन का शुभारंभ स्थानीय संघ स्थान विवेकानंद उच्च मा.आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय नारेहड़ा से हुआ, जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया। स्वयं सेवको ने घोष वादन के साथ कदम से कदम मिलाते हुए संचलन में प्रत्येक स्वयंसेवक ने अनुशासन, एकता और शक्ति का जीवंत प्रदर्शन किया। घोष के द्वारा गांव के प्रमुख मार्गो से पथ संचलन निकाला तो माता बहनों ने जोश के साथ भारत माता की जय बोलते हुए जगह जगह पर पुष्प वर्षा की। संचलन मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों द्वारा स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संघ परंपरा के अनुसार पवित्र भगवा ध्वज लगाकर पारंपरिक वैदिक मंत्रों के साथ शस्त्र पूजन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राघवेंद्र दास जी महाराज एवं. मुख्य वक्ता बसंत शर्मा जिला प्रौढ़ कार्य प्रमुख कोटपुतली ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में संघ की कार्यपद्धति, राष्ट्र सेवा, व समाज निर्माण के महत्व के साथ साथ संघ के पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक बोध ओर पर्यावरण के विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। जिससे समाज में आमूल चूल परिवर्तन होकर के सशक्त समाज का निर्माण होगा का विचार व्यक्त किया। सबल हिंदू समाज से सबल राष्ट्र उत्थान को बताया। इस गरिमामयी अवसर पर नगरवासियों, स्वयंसेवकों, गणमान्य नागरिकों एवम् माता बहनों ने भी आयोजन में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के अंत में खण्ड कार्यवाहक श्री अशोक जी, खण्ड पर्यावरण प्रमुख श्री रतनलाल जी ने सभी का आभार व्यक्त किया अंत में सभी स्वयंसेवकों व आम जनों को फल वितरण कर शांति पाठ कर कार्यक्रम का विसर्जन किया।



## डांडिया की थाप पर झूम उठा फुलेरा

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** कस्बे की नरेना रोड स्थित संस्कृति पैराडाइज गार्डन में जब पारंपरिक लोकगीतों और डांडिया की धुन गूंजी, तो पूरा नगर मानो एक साथ झूम उठा। फुलेरा प्राइड स्कूल का वार्षिक उत्सव इस बार भव्य डांडिया नाइट के रूप में आयोजित हुआ, जिसमें हजारों नगरवासी देर रात तक थिरकते रहे और संस्कृति व उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी धन्नालाल नोदल, राजकुमार गुप्ता, प्रणव अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक, पार्षद महावीर जैन, सरदार चौधरी, सुरेश सैनी और सुमित्रा नाथावत ने माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजनकर्ताओं दौलत सिंह राठौड़, अमित खांडल, पीयूष टांक और मुकेश गेनोलिया ने सभी अतिथियों का दुपट्टा और प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया। बच्चों ने मंच पर देशभक्ति और भारतीय संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। जैसे ही युवतियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में गरबा और युवक-युवतियों ने डांडिया के घेरों में ताल मिलाई, पूरा वातावरण तालियों की गडग़ड़ाहट और उत्साह से भर गया। सजीव संगीत, झिलमिलाती रोशनी और पारंपरिक नृत्य ने उत्सव को यादगार बना दिया। मुख्य अतिथि निर्मल कुमावत ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोडऩे का काम करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से परिचित कराते हैं। कार्यक्रम में कॉमर्स फाउंडेशन, शिक्षा एज्युकेशन हब और आरएसटी मेमोरियल ने सहयोग दिया। वहीं हनी सबनानी, अनिल बंसल, लोकेश बंसल, मोहित धांधल सहित सैकड़ों युवाओं ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह चाक-चौबंद रही। एएसआई कमलवीर मीणा अपनी टीम के साथ मुस्तैदी से तैनात रहे। यह डांडिया नाइट न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव था, बल्कि फुलेरा की सामाजिक एकजुटता और परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन भी रहा। देर रात तक थिरकते कदमों और गूंजते गीतों ने नगरवासियों को अविस्मरणीय अनुभव दिया।



## विद्या भारती राजस्थान में 'सप्तशक्ति संगम' मातृ सम्मेलन संपन्न, मातृशक्ति ने लिया समाज परिवर्तन का संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आदर्श शिक्षा परिषद समिति की तरफ से रविवार, 5 अक्टूबर 2025 को 'सप्तशक्ति संगम मातृ सम्मेलन' का आयोजन सरस्वती बालिका उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर, जवाहर नगर सेक्टर-2, जयपुर में किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने भाग लेकर समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुश्री प्रमिला शर्मा, बालिका शिक्षा संयोजिका, विद्या भारती राजस्थान रहीं। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति ही समाज का वास्तविक आधार है, जब माताएं संस्कारवान बनती हैं, तभी राष्ट्र सशक्त होता है। मुख्य अतिथि डॉ. मंजू शर्मा, क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख, राष्ट्र सेविका समिति ने मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कारयुक्त पीढ़ी ही समृद्ध भारत का निर्माण कर सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कविता साहनी, कॉलेज व्याख्याता, ने की। उन्होंने माताओं से आह्वान किया कि वे समाज में शिक्षा, संस्कृति और नारी जागरण के लिए आगे आएं। सम्मेलन में उपस्थित मातृशक्ति ने 'समृद्ध भारत के लिए सप्तशक्ति जाग्रत करने' का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भजन, संस्कार गीत और प्रेरणादायक प्रसंगों की प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया।अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और मातृशक्ति के इस आयोजन को निरंतर रूप देने का संकल्प लिया।

## स्थानांतरण उद्योग में लिप्त मंत्री/ विधायकों के खिलाफ़ आंदोलन की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ने हाल ही में शिक्षा विभाग में किए गए प्राचार्यों एवं समकक्ष पदों पर स्थानांतरणों की जाँच करवाने की माँग की है जिलाध्यक्ष विजय कुमार सैनी ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा बिना आवेदन के दिनांक 22सितंबर 2025 को 4527 प्राचार्य एवं समकक्ष पदों पर स्थानांतरण किए गए हैं जारी स्थानांतरण सूचियों में गम्भीर अनियमितता सामने आयी है इसमें एकल महिला, विधवा ,परित्यक्ता, दिव्यांग ,गंभीर रोगों से पीडि़त, एवं राज्य /राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत प्राचार्य के भी दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरण किए गए हैं इन स्थानांतरणों में भ्रष्टाचार से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।ऐसे मंत्रियों/विधायकों की जाँच संगठन के द्वारा करवाई जा रही है जिनकी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इन स्थानांतरण उद्योग में भूमिका होने की संभावना है । प्रमाणित होने पर संबंधित विधायक/मंत्री के खिलाफ़ ,संगठन उनके विधानसभा क्षेत्र में जाकर आंदोलन करेगा इसके तहत धरना प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन किया जाएगा जिसकी घोषणा अति शीघ्र की जाएगीविश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद चाकसू पुलिस की त्वरित कार्रवाई,

## राह चलती युवती से बदसलूकी करना युवक को पड़ा भारी

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (गिरिराज शर्मा)।** चाकसू कस्बे के पुराना टोंक रोड इलाके में राह चलती युवतियों से की गई अभद्रता और मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद चाकसू थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, आरोपी को अगले दिन जमानत पर रिहा कर दिया गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में एक बाइक सवार युवक को युवती से बदसलूकी करते और विरोध करने पर मारपीट करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में यह भी नजर आता है कि युवती ने भी साहस दिखाते हुए चप्पल से युवक की धुनाई कर दी। राहगीरों द्वारा बनाया गया यह वीडियो 3 अक्टूबर को तेजी से वायरल हुआ था। डीसीपी जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान वीडियो सामने आने पर इसकी पुष्टि की गई कि घटना चाकसू थाना क्षेत्र की है। इसके बाद एसीपी सुरेन्द्र सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी मनोहर लाल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम में शामिल कांस्टेबल जगदीश प्रसाद और बाबूलाल ने तकनीकी विश्लेषण और स्थानीय इनपुट के आधार पर आरोपी की पहचान विकास चौधरी (26) पुत्र श्री रामराय निवासी ग्राम रूपवास, थाना चाकसू के रूप में की। आरोपी को 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया कि वह युवतियों से अभद्र व्यवहार कर रहा था, और उसी दौरान युवतियों ने विरोध कर उसे पकड़ लिया तथा पीटना शुरू कर दिया। वीडियो में पूरी घटना कैद हो गई थी, जिसे किसी राहगीर ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया।



### आज भी प्रासंगिक है गुरु तेग बहादुर जी की शहादत का संदेशः सलमान खुर्शीद

# जयपुर में आयोजित 'हक-ए-अमन कॉन्फ्रेंस' नवें गुरु के शहीदी दिवस को समर्पित

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत की स्मृति में जयपुर में शनिवार को राष्ट्रीय सम्मेलन हक-ए-अमन कॉन्फ्रेंस आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स, ऑल इंडिया पीस मिशन, दलित मुस्लिम एकता मंच राजस्थान, केंद्रीय सिंह सभा और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा भारत को ऐसा देश बनाना होगा जहाँ हर वर्ग सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। निर्दोषों को जेल में डालना और गरीबों के घर तोडऩा लोकतंत्र का रास्ता नहीं हो सकता। उन्होंने आयोजकों को सफल सम्मेलन के लिए बधाई दी।



विशेष अतिथि जस्टिस रंजीत सिंह (पूर्व जज, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट) ने कहा गुरु तेग बहादुर जी की शहादत केवल धर्म के लिए नहीं, बल्कि अत्याचार के खिलाफ न्याय की आवाज थी। उन्होंने सरकारों से अल्पसंख्यकों के साथ समान व्यवहार और न्याय सुनिश्चित करने की अपील की। केंद्रीय सिंह सभा के अध्यक्ष प्रो. श्याम सिंह ने सिख इतिहास के ध्रुवीकरण और विकृतिकरणपर चिंता जताई, वहीं मौलाना फज़लुर रहीम मुजद्दिदी ने कहा हम अपने गुरुओं और पैगम्बरों की शिक्षाओं को भूल रहे हैं। अन्याय के खिलाफ चुप्पी तोडऩा अब जरूरी है। जस्टिस इकबाल अंसारी (पूर्व मुख्य न्यायाधीश, पटना हाईकोर्ट) ने कहा जालिम का कोई धर्म नहीं होता। सभी मजलूमों को एकजुट होकर अत्याचार के खिलाफ खड़ा होना चाहिए।

### सम्मेलन के प्रमुख प्रस्ताव

- वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को पूरी तरह अस्वीकार करने और सुप्रीम कोर्ट से इसे रद्द करने की मांग।
- उत्तर प्रदेश में गरीबों के घर तोड़े जाने और निर्दोष युवाओं को फंसाने पर कड़ी आपत्ति; गिरफ्तार धार्मिक नेताओं की रिहाई की मांग।
- राजस्थान धर्मांतरण बिल को संविधान विरोधी बताकर निरस्त करने की मांग।
- 4,राजस्थान गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के गठन को तत्काल प्रभाव से लागू करने की अपील।
- सभा में निर्णय लिया गया कि इसी तरह का अगला राष्ट्रीय सम्मेलन नवंबर 2025 में लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में आयोजित किया जाएगा। तिथि और समिति की घोषणा शीघ्र की जाएगी। इस कार्यक्रम का संयोजन प्रो. दया सिंह, डॉ. आज़म बैग , अब्दुल लतीफ अर्को, प्रो. हरदीप सिंह दिबडीबा, और प्रो. खुशाल सिंह ने किया। कार्यक्रम में विधायक अमीन कागजी, जस्टिस रंजीत सिंह, मौलाना शाहीन जमाली, प्रो. के.के. रट्, आईआरएस अधिकारी अकरमुल जब्बार, नज़िमुद्दीन, सुदीप जैन समेत कई प्रतिष्ठित गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई और समापन में मेमोरेंडम पेश किया गया, जिसका उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया।

प्रारूप– 5

(नियम 6(2) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका मण्डल बसेडी**

क्रमांकः–न.पा.ब./69ए पट्टा/1224 दिनांकः– **यथा हस्ताक्षर**

**–: लोक सूचना :–**

**श्री हरिसिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह जाति ठाकुर जगनेर रोड बसेडी तहसील बसेडी** ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार **आवासीय** के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/गली/कालोनी का नाम | पड़ोस द्वारा सीमाबद्व भूखण्ड | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| (जिला धौलपुर) (उपखण्ड बसेडी ) | जगनेर रोड बसेडी तहसील बसेडी | पूर्व – जायदाद रेवती<br>पश्चिम– आम रास्ता<br>उत्तर – जायदाद हरिसिंह<br>दक्षिण – जायदाद हरिसिंह | पूर्व – 10 फीट<br>पश्चिम – 45 फीट<br>उत्तर – 90 फीट<br>दक्षिण – 60 फीट<br>कुल क्षेत्रफल – 191.47 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69–क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं हैऔर मामले का तद्नुसार निपटारा किया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका बसेडी**

## सम्पादकीय

# खांसी की दवा के सेवन से 12 बच्चों की मौत, गुणवत्ता को लेकर संदेह

मध्य प्रदेश और राजस्थान में खांसी की दवा के सेवन से 12 बच्चों की मौत को लेकर जैसी विरोधाभासी खबरें आ रही हैं, वे कफ सीरप की गुणवत्ता को लेकर संदेह बढ़ाने वाली तो हैं ही, उस सरकारी तंत्र पर अविश्वास पैदा करने वाली भी हैं, जिसका दायित्व दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। मध्य प्रदेश और राजस्थान सरकार की मानें तो बच्चों की मौत का कारण समझी जा रही कफ सीरप कोल्ड्रिफ में कोई विषाक्त रसायन नहीं मिला, लेकिन जिस तमिलनाडु में उसका निर्माण होता है, वहां की सरकारी एजेंसी का कहना है कि उसमें खतरनाक जहरीला तत्व मिला। आखिर सच क्या है? इस सवाल के बीच कई राज्यों की ओर से इस कफ सीरप पर पाबंदी लगा दी गई है और केंद्र सरकार की ओर से यह एडवाइजरी जारी की गई है कि दो वर्ष से छोटे बच्चों को कफ सीरप न दिया जाए। क्या यह एडवाइजरी जारी करने के लिए 12 बच्चों की मौत का इंतजार किया जा रहा था? यह बड़े शर्म की बात है कि पहले भी भारत में निर्मित विषाक्त कफ सीरप से गांबिया और उजबेकिस्तान में बच्चों की मौत के मामले सामने आने और उनसे भारतीय दवा कंपनियों की साख पर बट्टा लगने के बाद भी यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि देश में बनने वाली दवाओं की गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता न होने पाए। मध्य प्रदेश और राजस्थान के मामले बता रहे हैं कि ऐसा हो रहा है और वह तंत्र अक्षम है, जिसका काम दवाओं की गुणवत्ता देखना है। यह सीधे-सीधे सरकारी तंत्र की नाकामी है। इस नाकामी की एक बड़ी वजह सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार है। इस भ्रष्टाचार के चलते ही दोयम दर्जे की दवाएं बनती और बिकती हैं। यदि दोयम दर्जे की दवाओं के निर्माण का सिलसिला कायम रहा तो मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे जानलेवा मामले तो सामने आएंगे ही, भारत की दुनिया के दवा कारखाना वाली छवि भी मलिन होगी। दवाएं तब दोयम दर्जा की बनती हैं, जब उनका निर्माण मानकों के हिसाब से नहीं होता और गुणवत्ता परीक्षण के नाम पर खानापूरी होती है। यही दोयम दर्जे की दवाएं कई बार विषाक्त हो जाती हैं। अपने देश में किस तरह बड़े पैमाने पर दोयम दर्जे की दवाएं बनती हैं, इसका प्रमाण आए दिन आने वाली वे खबरें हैं, जो यह बताती हैं कि दवाओं के इतने नमूने गुणवत्ता की कसौटी पर खरे नहीं उतरे। ऐसा सरकारी तंत्र की लापरवाही के चलते होता है। वह चाह ले तो किसी भी दवा के निर्माण में मानकों की अनदेखी न होने पाए, लेकिन ऐसा लगता है कि किस्म-किस्म की एजेंसियों से लैस सरकारी तंत्र में कोई भी नियम-कानूनों के साथ अपने कर्तव्यों के पालन के प्रति सजग नहीं। यह वह रवैया है, जो न तो स्वदेशी के सपने को साकार करेगा और न ही देश को स्वावलंबी बना सकेगा।



## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 6 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1499 - फ्रांस के राजा लुईस ने मिलान पर क़ब्ज़ा किया।
- 1723 - बेंजामिन फ्रेकलिन 17 साल की उम्र में फिलाडेल्फिया पहुंचे।
- 1762 - ब्रिटिश सैनिकों ने फिलीपींस के मनीला पर क़ब्ज़ा किया।
- 1862 - भारतीय दंड संहिता कानून पारित हुआ और एक जनवरी से लागू हुआ।
- 1919 - तांबुलीस्की बुल्गारिया के प्रधानमंत्री बने।
- 1935 - भारत में 32 साल के सबसे लंबे समय तक अंपायरिंग करने वाले जीवन डी घोष का बंगाल में जन्म हुआ।
- 1957 - सोवियत संघ ने नोवाया ज़ेमल्या में परमाणु परीक्षण किया।
- 1972 - मेक्सिको में ट्रेन पटरी से उतरने से 208 लोगों की मौत।
- 1980 - गुयाना ने संविधान को अंगीकार किया।
- 1981 - काहिरा में सैनिक परेड के दौरान एक सैनिक समूह द्वारा मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात की हत्या।
- 1983 - पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाया गया।
- 1987 - फिजी एक गणराज्य घोषित हुआ।
- 1994 - यूनेस्को ने वर्ष 1995 को संयुक्त राष्ट्र सहिष्णुता वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की।
- 1995 - दो स्विस वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के सौर व्यवस्था के बाहर गृह की पहली बार पहचान की।
- 1999 - संयुक्त राष्ट्र निरस्त्रीकरण सम्मेलन आस्ट्रेलिया की राजधानी वियना में प्रारम्भ।
- 2000 - इस्रायली पुलिस द्वारा अलअक्सा मस्जिद में जबरन प्रवेश के बाद हिंसा शुरू, यूगोस्लाविया में रक्तहीन जनक्रान्ति के बीच राष्ट्रपति मिलोसेविच देश छोडक़र भागे, विपक्षी नेता कोस्तुनिका ने स्वयं को राष्ट्रपति घोषित किया।
- 2002 - नेपाल के नरेश ज्ञानेन्द्र वीर विक्रम शाह देव ने सत्ता नहीं संभालने की घोषणा की।
- 2004 - इस्रायली सैन्य अभियान को रोकने का प्रस्ताव अमेरिका ने वीटो किया। अल्खानोव चेचेन्या के राष्ट्रपति बने।
- 2006 - संयुक्त राष्ट्र ने लेबनान में शांति रक्षकों को बल प्रयोग का अधिकार दिया।
- 2007 -
- परवेज मुशर्रफ़ एकतरफ़ा जीत के साथ पाकिस्तान के राष्ट्रपति पद पर निर्वाचित घोषित हुए। कोरू में एरियन-5 रॉकेट के सहारे आस्ट्रेलियाई-अमेरिकी टेलीविजन उपग्रह का परीक्षण किया गया।
- बाबा साहेब भोसले - प्रसिद्ध भारतीय वकील, नेता एवं महाराष्ट्र के आठवें मुख्यमंत्री।
- 2008 - वैश्विक मंदी के मद्देनजऱ भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के नक़द सुरक्षित अनुपात (सीआरआर) में आधा प्रतिशत की कटौती का फ़ैसला किया।

## विशेष आलेख

# सादगी से शोर-शराबे तक: त्योहारों का रूपांतरण



प्रो. आरके जैन



संस्कृति किसी समाज की आत्मा है, उसकी जीवंत धडक़न। यह केवल रीति-रिवाज, त्योहार या परंपराओं का बाहरी आवरण नहीं, बल्कि वह गहरा दर्शन है, जो हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है, जीवन को अर्थ और गहराई देता है। त्योहार, धर्म और परंपराएँ कभी केवल उत्सव नहीं थे; वे संवेदनाओं को जगाने, सामूहिकता को मजबूत करने और आत्मिक संतुलन स्थापित करने का माध्यम थे। लेकिन आज, इनकी आत्मा कहीं खो सी गई है। त्योहार अब 'इवेंट' बनकर रह गए हैं, जहाँ भक्ति और भावनाएँ पीछे छूटती हैं, और चमक-दमक, शोर-शराबा व दिखावा हावी हो जाता है। यह बदलाव न केवल हमारे सामाजिक व्यवहार को दर्शाता है, बल्कि हमारी संस्कृति की गहराई पर गंभीर सवाल भी खड़े करता है।

पहले त्योहार सादगी में सौंदर्य और सामूहिकता में आनंद का प्रतीक थे। दीपावली में घर-आँगन की सफाई, मिट्टी के दीयों की जगमगाहट, माँ के हाथों की मिठाइयाँ और पड़ोसियों के साथ साझा हँसी—ये रस्में नहीं, बल्कि जीवन को प्रेम और एकजुटता से जीने का तरीका थीं। गणेशोत्सव में मोहल्ले के लोग मिलकर मूर्ति बनाते, भक्ति और उत्साह के साथ विसर्जन तक एकजुट रहते। नवरात्रि में मातृशक्ति की आराधना केवल पूजा नहीं थी; यह नारी सम्मान और सामाजिक एकता का उत्सव थी। ये त्योहार समाज को जोडऩे वाली डोर थे, जो आत्मिक और सामाजिक संतुलन का आधार बनाते थे। लेकिन अब यह तस्वीर बदल चुकी है। दीपावली की रोशनी अब मिट्टी के दीयों से कम, महंगी एलईडी लाइट्स और आडंबरपूर्ण सजावट से ज्यादा चमकती है। घर की सादगी भरी पूजा थीम-बेस्ड पंडालों, डिज़ाइनर दीयों और भव्य शो-पीस की चमक में गुम हो गई है। गणेशोत्सव और दुर्गा पूजा जैसे पवित्र आयोजन अब भक्ति से ज्यादा डीजे, लाउडस्पीकर और सामाजिक प्रतिष्ठा की होड़ का हिस्सा बन गए हैं। नवरात्रि, जो कभी मातृशक्ति की भक्ति और सामूहिक नृत्य का प्रतीक थी, अब टिकटों, प्रायोजकों और 'गरबा नाइट्स' के व्यावसायिक आयोजनों में सिमट रही है। यहाँ तक कि होली जैसे रंगों का त्योहार भी अब 'रेन डांस' और 'पूल पार्टी' जैसे आयोजनों में अपनी परंपरागत पहचान खो रहा है। क्या यह बदलाव समय की माँग है, या हम अपनी संस्कृति को सतही चमक में खोते जा रहे हैं? सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ावा दिया है। त्योहार अब केवल परिवार के साथ आनंद लेने का अवसर नहीं, बल्कि इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर/एक्स और टिकटॉक पर प्रदर्शन का मंच बन गए हैं। पूजा से पहले लोग कैमरे की सेटिंग देखते हैं, ताकि 'परफेक्ट शॉट' मिले। सजावट, परिधान, यहाँ तक कि पूजा की थाली भी अब सोशल मीडिया पर 'लाइक्स' बटोरने की कसौटी पर चुनी जाती है। त्योहारों की आत्मा अब 'कंटेंट क्रिएशन' में तब्दील हो रही है। लोग दीपावली की तस्वीरें अपलोड करते हैं, गणेशोत्सव की स्टोरीज बनाते हैं, और नवरात्रि के गरबा वीडियो वायरल करने की होड़ में लगे रहते हैं।

यह दिखावा अब व्यक्तिगत ही नहीं, सामाजिक स्तर पर भी हावी है। भव्य पंडाल, प्रायोजित 'सांस्कृतिक' शो और बड़े-बड़े आयोजन अब श्रद्धा से ज्यादा सामाजिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन चुके हैं। यह सब देखकर मन में एक गहरा सवाल उठता है—क्या हम अपनी संस्कृति को केवल एक चमकदार 'प्रदर्शन' तक सीमित कर रहे हैं? परंपराओं का बदलना कोई अपराध नहीं। हर युग अपने रंग-ढंग लाता है। लेकिन जब ये बदलाव श्रद्धा, भावना और आत्मिक गहराई को पीछे छोड़ दें, तो यह चिंता का विषय बन जाता है। संस्कृति कोई सजावटी वस्तु नहीं; यह वह जीवंत धडक़न है, जो हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है, हमारे अस्तित्व को अर्थ देती है। यदि हम इसे केवल भव्यता और दिखावे तक सीमित कर देंगे, तो उसकी आत्मा खो जाएगी।

इस दिखावे की होड़ का एक और गंभीर पहलू है—यह सामान्य व्यक्ति पर अनावश्यक दबाव डाल रही है। हर कोई चाहता है कि उसका त्योहार 'ट्रेंडी' और 'इंस्टा-वर्थी' हो। इसके लिए लोग अपनी आर्थिक स्थिति से परे खर्च करने को मजबूर हैं। महँगे कपड़े, थीम-बेस्ड सजावट और भव्य आयोजनों की चाह में कई कर्ज के बोझ तले दब रहे हैं। यह दबाव केवल आर्थिक ही नहीं, मानसिक भी है। त्योहारों का असली आनंद—जो सादगी और साझा भावनाओं में बसता था—अब 'इम्प्रेशन' और 'इंस्टेंट लाइक्स' की दौड़ में गुम हो रहा है। हालाँकि, यह कहना गलत होगा कि आधुनिकता या भव्य आयोजनों का कोई लाभ नहीं। बड़े आयोजन सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा देते हैं, स्थानीय कारीगरों और व्यवसायों को अवसर देते हैं, और कला-संस्कृति को नए मंच प्रदान करते हैं। लेकिन जब ये आयोजन भक्ति और भावना की जगह ले लेते हैं, तब संतुलन बिगड़ जाता है। जब पूजा की गहराई खो जाए और केवल पंडाल की भव्यता बाकी रह जाए, तब संस्कृति एक खोखला प्रदर्शन बनकर रह जाती है।

हमें यह समझना होगा कि संस्कृति कोई मंचीय नाटक नहीं; यह वह जीवंत अनुभूति है, जो हमारे दिलों में बसती है। इसे आधुनिकता के साथ जोड़ा जा सकता है, बशर्ते हम उसकी आत्मा को न भूलें। अगर हम दीपावली पर एलईडी लाइट्स जलाते हैं, तो मिट्टी के दीयों की लौ को भी जिंदा रखें।

# धर्मनिरपेक्षता सिद्धांत नहीं बल्कि नैतिक आस्था,लोकतंत्र का आधार स्तंभ



संजीव ठाकुर

*राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है; सब नागरिक कानून और व्यवस्था की दृष्टि से समान हैं। हर व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार धर्म अपनाने और उसका पालन करने की स्वतंत्रता है।*

धर्मनिरपेक्षता भारतीय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील आधारशिला है। यह केवल संविधान की पंक्तियों में लिखा गया शब्द भर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जीवन का प्राणतत्व है। भारतीय राजनीति की आत्मा इसी से पोषित होती है। परंतु दुखद है कि आज धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कई बार केवल संवैधानिक औपचारिकताओं तक सीमित रह जाती है। मणिपुर और उत्तर प्रदेश जैसे प्रदेशों में साम्प्रदायिक झगड़ों की घटनाओं ने इस सिद्धांत की आत्मा को गहरी चोट पहुँचाई है और इसके संवैधानिक अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ किसी धर्म से विद्वेष रखना नहीं है, बल्कि सभी धर्मों का समान सम्मान करना है। यही कारण है कि भारतीय परंपरा में इसे सर्वधर्म समभाव कहा गया है। पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य है - राज्य और धर्म का परस्पर हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्ति और उसके अधिकारों को सर्वोच्च मान्यता देना। वहीं भारतीय संदर्भ में यह और अधिक व्यापक है—यह न केवल धर्म और राजनीति के पृथक्करण पर बल देता है, बल्कि समाज में विविध धार्मिक मतों के बीच सहिष्णुता, आदर और समान अवसर की स्थापना का भी उपक्रम करता है।भारत की आज़ादी के बाद से धर्मनिरपेक्षता ने लोकतंत्र को शक्ति दी है। यहां राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है; सब नागरिक कानून और व्यवस्था की दृष्टि से समान हैं। हर व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार धर्म अपनाने और उसका पालन करने की स्वतंत्रता है। संविधान का 42वां संशोधन (1976) इस भावना को और स्पष्ट करता है, जिसमें पंथनिरपेक्ष शब्द को प्रस्तावना में जोड़ा गया—अर्थात राज्य किसी विशेष मत को न अपनाएगा और न ही किसी धर्म के प्रति भेदभाव करेगा।महात्मा गांधी, मौलाना आज़ाद, नेहरू, पटेल और शास्त्री जैसे राष्ट्रपुरुषों ने धर्मनिरपेक्षता को केवल राजनीतिक सिद्धांत नहीं, बल्कि नैतिक आस्था माना। स्वतंत्रता संग्राम से पहले हुए सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलनों ने भी इस मार्ग को प्रशस्त किया। यही कारण है कि भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति विविधता में एकता रही है—और इस एकता का मूल मंत्र धर्मनिरपेक्षता ही है।आज भारत विकास की सीढियाँ चढक़र एक वैश्विक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे समय में हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हम धर्मनिरपेक्षता की इस स्वस्थ परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखें। लोकतांत्रिक दलों, मीडिया, न्यायपालिका, कार्यपालिका और आम नागरिक—सभी को यह संकल्प लेना होगा कि वे इसे केवल नारों और चुनावी मुद्दों तक सीमित न रखें। क्योंकि जब-जब राजनीति ने धर्मनिरपेक्षता को अपने स्वार्थ के लिए हथियार बनाया, समाज का संतुलन बिगड़ा और आम जनता को उसका खामियाजा भुगतना पड़ा।भारतीय धर्मनिरपेक्षता हमें तर्क, विवेक और स्वतंत्रता की संस्कृति देती है। यह न केवल वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करती है, बल्कि हर नागरिक को आत्मसम्मान और समान अवसर का आश्वासन भी देती है।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



**ए पी जे अब्दुल कलाम (पूर्व राष्ट्रपति)**

तमिलनाडु में 15 अक्टूबर, 1931 को जन्मे कलाम विनम्रतापूर्वक बड़े हुए लेकिन उनमें विज्ञान के प्रति जुनून पैदा हो गया। कड़ी मेहनत और बुद्धिमत्ता के माध्यम से, वह 20वीं सदी में भारत के रक्षा कार्यक्रमों के लिए प्रमुख प्रौद्योगिकियों के विकास में सहायता करने के लिए आगे आये। 1 मिसाइल मैन और जनता के राष्ट्रपति नाम से भी जाने जाते हैं, भारतीय गणतन्त्र के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे। वे भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात वैज्ञानिक और अभियन्ता के रूप में विख्यात थे। उन्होंने सिखाया जीवन में चाहें जैसे भी परिस्थिति क्यों न हो पर जब आप अपने सपने को पूरा करने की ठान लेते हैं तो उन्हें पूरा करके ही रहते हैं। अब्दुल कलाम के विचार आज भी युवा पीढ़ी को आगे बढऩे के लिए प्रेरित करते हैं। इन्होंने मुख्य रूप से एक वैज्ञानिक और विज्ञान के व्यवस्थापक के रूप में चार दशकों तक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) संभाला व भारत के नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम और सैन्य मिसाइल के विकास के प्रयासों में भी उपस्थित रहे। इन्हें बैलेस्टिक मिसाइल और प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के विकास के कार्यों के लिए भारत में मिसाइल मैन के रूप में जाना जाता है। इन्होंने 1974 में भारत द्वारा प्रथम मूल परमाणु परीक्षण के बाद से द्वितीय बार 1998 में भारत के पोखरान-द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, सङ्गठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई। कलाम सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी एवं विपक्षी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दोनों के समर्थन सहित 2002 में भारत के राष्ट्रपति चुने गए। पाँच वर्ष की अवधि की सेवा के बाद, वह शिक्षा, लेखन और सार्वजनिक सेवा के अपने नागरिक जीवन में लौट आए। इन्होंने भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किये।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# पीलिया से छुटकारा दिलाएगा इस फल का जूस

पीलिया यानी जॉन्डिस एक ऐसी समस्या है जो हमारे लिवर की कमजोरी और शरीर में पित्त बढऩे की वजह से होती है। इस बीमारी में त्वचा और आंखें पीली पड़ जाती हैं और मरीज को कमजोरी, भूख न लगना और थकान जैसी परेशानियां होने लगती हैं। पीलिया बच्चों को जल्दी से होता है और जिन लोगों को हो जाता है उनका शरीर बहुत कमजोर हो जाता है। हालांकि समय रहते पीलिया का इलाज हो जाए तो कोई समस्या नहीं होती वरना ये जानलेवा भी होता है। अगर आपके घर में कोई पीलिया से जूझ रहा है तो घबराने की जरूरत नहीं है हम आपको एक ऐसे फल के जूस के बारे में बताने जा रहे हैं जिसे पीने से पीलिया से छुटकारा पाया जा सकता है। आइए जानते हैं हेल्थ एक्सपर्ट डॉ मनीष आचार्य से कि वो कौन सा फल है और उसके जूस का सेवन कैसे करना है।

-गन्ने का रस

हम जिस जूस की बात कर रहे हैं वो है गन्ने का रस। इसमें कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आचार्य मनीष ने बताया कि अगर किसी को पीलिया की शिकायत है तो वो गन्ने के रस का सेवन करें। उसे पीने का भी सही तरीका भी उन्होंने बताया कि 4 चम्मच गन्ने का रस लें उसमें पुदीना का रस, धनिया का रस और अदरक रस मिलाएं। अब चबा-चबाकर इस 5 चम्मच गन्ने को 5 मिनट में पिएं। इसके एक घंटे बाद तक न कुछ खाएं और न पिएं।

-आजमाएं एक और नुस्खा

आचार्य मनीष ने एक और अचूक उपाय बताया है जो पीलिया में रामबाण इलाज है। उन्होंने कहा कि गन्ने के रस को पीने के एक घंटे बाद आप 15-20 नीम के पत्ते, गिलोय की लकड़ी 3-4 टुकड़े, 5 से 10 तुलसी के पत्ते, थोड़ी सी मुलेठी, सूखी अदरक थोड़ी सी और पिपली 1 से 2 लें और इसका काढ़ा बनाकर एक घंटे बाद पीना है। ऐसा आप सुबह-शाम दो बार करें और फिर देखें कैसे पीलिया कुछ ही दिनों में ठीक हो जाएगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको बेवजह भागदौड़ लगी रहेगी, क्योंकि आप इधर-उधर के कामों में ज्यादा पड़ेंगे। आपको किसी सरकारी मामले में ढील देने से बचना होगा। नौकरी को लेकर आप अपने किसी मित्र से बातचीत कर सकते हैं।

**वृष**
आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको एक के बाद शुभ सूचना सुनने को मिलेगी। आप बेवजह किसी लड़ाई-झगड़े में न पड़ें, नहीं तो आप किसी कानूनी मामले में पड़ सकते हैं।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए किसी नए घर आदि की खरीदारी के लिए बढिय़ा रहेगा। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। यदि आप किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है।

**कर्क**
आज का दिन विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटने के लिए रहेगा। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या और द्वेष की भावना न रखें। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन आप अपने कामों में पूरी मेहनत से डटे रहेंगे।

**कन्या**
आज का दिन सामाजिक कार्यक्रमों से जुडक़र नाम कमाने के लिए रहेगा। वाहनों का प्रयोग आपको थोड़ा सावधान रहकर करना होगा। आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें। भाई बहनों से आपकी खूब पटेगी।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको कार्यक्षेत्र में अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा। आपको किसी लिए गए निर्णय के लिए कोई पछतावा हो सकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आज आपको बिजनेस में किसी डील को लेकर पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है। संतान आपके मनमाने व्यवहार को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से थोड़ा सावधानी बरतनी होगी। आपको जीवनसाथी की ओर से कोई गिफ्ट मिल सकता है। आपका भगवान के भक्ति में खूब मन लगेगा और आप जिस काम में हाथ डालेंगे।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों को लेकर काफी सख्ती दिखाएंगे, जिससे वह समय से पूरे होंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा, जिसमें आप अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखें। आपको पारिवारिक मामलों को लेकर वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत करनी होगी।

**मीन**
आज के दिन आपके लिए अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा, क्योंकि आपका मन इधर-उधर के कामों पर ज्यादा लगेगा। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त की योजना बना रहे थे।

## पंच परिवर्तन से ही समाज, राष्ट्र व विश्व का कल्याण होगा - मूलचंद



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर रोड स्थित हिल्व्यू मैरिज गार्डन में विवेकानन्द बस्ती के विजयादशमी उत्सव पर मुख्य अतिथि अपेक्स सेविका अस्पताल के केंद्राधीक्षक अभिमन्यु सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आज जिस ध्येय को लेकर संघ की स्थापना हुई वह ध्येय साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है हमें अपनी संस्कृति के अनुरूप आचरण कर भारत देश को पुनः विश्वगुरु बनाना है । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मूलचंद ने अपने उद्बबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को आज सौ वर्ष हो रहें हैं संघ ने शाखा के माध्यम से व्यक्ति निर्माण कर असंख्य राष्ट्र भक्तों का निर्माण किया है जो आज विभिन्न प्रकार के संगठनों के द्वारा समाज हित के कार्य कर रहे हैं, आज संघ समाजनिष्ठ हो रहा है वर्तमान में मानव कल्याण के लिए पंच परिवर्तन को आत्मसात कर व्यवहार में लाने की आवश्यकता है सामाजिक समरसता अर्थात जाति भेद छोडक़र समरस भाव के साथ रहना पर्यावरण के संरक्षण, संयुक्त परिवार का विचार करना, स्वदेशी का उपयोग करना तथा नागरिक शिष्टाचार के साथ जीवन यापन करने का संकल्प लेकर आगे बढऩा है । जीवन में समाज व राष्ट्र हित का विचार कर कार्य व आचरण करना ही श्रेष्ठ पुरुषार्थ है, संचलन हिल्व्यु मैरिज गार्डन से विज्ञान नगर होते हुए रणथंभौर रोड़ एवं ब्रह्मपुरी कालोनी होते हुए रेल्वे पार्क तक बडी संख्या में स्वयंसेवकों ने घोष वादन के साथ पथ संचलन निकाला, मार्ग में जगह-जगह रंगोली एवं पुष्प वर्षा कर मातृशक्ति व बन्धुओं ने स्वागत किया गया, कार्यक्रम समापन पर बस्ती प्रमुख मदनलाल ने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## कन्हैयालाल बने जांगिड़ समाज के अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील निवाई के कन्हैयालाल जांगिड़ सिरस निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। तहसील शाखा के प्रेमप्रकाश खंडवा ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु चुनाव पर्यवेक्षक महावीर प्रसाद जांगिड़ व राजेन्द्रकुमार जांगिड़ की देख-रेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि चुनावी बैठक में समाज के लोगों ने निर्विरोध चुनाव करने पर सहमति जताई। इसके बाद पूर्व जिलाध्यक्ष बद्रीलाल बिडोली ने कन्हैयालाल जांगिड़ सिरस का नाम प्रस्तावित किया। जिसका वहां उपस्थित सभी लोगों ने समर्थन किया। इसके बाद चुनाव पर्यवेक्षकों ने कन्हैयालाल सिरस के निर्वाचन की घोषणा की। तत्पश्चात चुनाव पर्यवेक्षक महावीरप्रसाद जांगिड़ व राजेन्द्रकुमार जांगिड़ ने नव निर्वाचित अध्यक्ष कन्हैयालाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर पूर्व तहसील अध्यक्ष लल्लूलाल सेदरिया, नारायणलाल बिडोली, नारायणलाल भुरटिया, कर्मचारी संघ प्रदेशाध्यक्ष राजाराम जांगिड़ सेदरिया, विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वर जेतपुरा, सुरेश खारी कुई, रमेश मित्रपुरा, रामलाल जोधपुरिया, सीताराम लुहारा, कैलाश चैनपुरा, शशि कान्त, कमलेश राहोली, प्रेमचंद, दीनदयाल खंडवा, जगदीश हिंडौन, राजाराम, सुरेश सिरोही, हेमराज, मदन झिलाय, बजरंगलाल भडंगपुरा, मनीष बहकवा व राजू नला सहित लोगों ने निर्वाचित अध्यक्ष कन्हैयालाल का माला पहनाकर स्वागत किया।

## धोबी समाज के संगठनों में दिखी एकता की अनूठी मिसाल ,संयुक्त मोर्चा धोबी समाज का गठन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** धोबी समाज के प्रदेश स्तरीय संगठनों के पदाधिकारियों की रविवार को संयुक्त बैठक एकीकरण धोबी समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष प्रभु बाडोलिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। एक समाज एक जाजम के तहत आयोजित प्रदेशस्तरीय धोबी समाज के संगठनों की संयुक्त बैठक में समाज हित में निर्णय लिया गया कि सभी एक मंच से मजबूती से समाज को संगठित किए जाने के लिए कार्य करेंगे।

बैठक में सर्वसम्मति से संयुक्त मोर्चा धोबी समाज संगठन गठित किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कल्याण तितरिया, जगदीश चौहान, सूजी लाल पंवार ,गोपाल कंडावरिया सुनिता , जोधपुर पुष्कर महासभा से पूनम , उडान से श्याम गोवर्धन, शंभु दोहडिया, विश्व रजक महासंघ से गजेंद्र अखरिया, आरडीएम से रमेश पंकज, सभी संगठनों के बैठक में 5-5 सदस्यों को आमंत्रित किया गया था।

बैठक में सभी संगठनों ने प्रदेश में एक साझा कार्यक्रम में सहमति देते हुए शिक्षा,बेरोजगारी तथा सामाजिक कुरीतियों जैसे मुद्दों को लेकर संयुक्त मोर्चा धोबी समाज का ब्लॉक जिला तथा राज्य स्तर पर मिलकर काम का निर्णय लिया गया। समाज के उत्थान के लिए सभी संगठन एकता से कार्य करेंगे। साथ ही सभी संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र रूप से अपने अपने संगठनों के कार्य भी करेंगे। एकीकरण धोबी समाज के के प्रदेश महासचिव बद्री लाल तंवर दूनी ने इस आशय की जानकारी दी।

### तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना

# अब के बरस तुझे धरती की रानी कर देंगे, अबके बरस तेरी प्यासों में पानी भर देंगे अबके बरस

## वीरों की गाथा एवं देशभक्ति भजनों में उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में वीरों की गाथा एवं देशभक्ति भजनों का आयोजन किया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय भजन सम्राट छोटूसिंह रावणा द्वारा वीरों की गाथा एवं देशभक्ति भजनों भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिसको लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से श्रोताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भजन गायक छोटूसिंह रावणा ने ओ गोरा धोरा री धरती रो, तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना, जिसका मुझे था इंतजार वो घड़ी आ गई, तलवारों पर सर वार दिया, अंगारों पर जिस्म तान दिया, तब जाकर हमने तन पर यह केसरिया डाल लिया, वीर हनुमाना अति बलवाना राम नाम रसिया रे, प्रभु के मन बसियो रे, मंगल भवन अमंगल हारी, है रघुनंदन पवनसुत वंदन विनती करें बारंबार, अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता, भक्तों के तुम भाग्य विधाता, श्रीराम जी के काज निहारों, तेरी मिट्टी में मिल जावा, गुल बनकर खिल जावा, दिल की है यही आरजू, सेठो में सेठ सांवरिया सेठ, बाकी सब डुप्लीकेट, तेरा साथ हो तो मुझे क्या कमी है, तुझसे मिलकर ही रोशनी है, यह जो है अलबेला मदवाला, जिसकी दीवानी ब्रज की हर बाला, ओ कान्हा है, मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरा मोती, पिच रंग पाडा री धरती रो, पितल पाथल री धरती रो, मीरा कर्मा री धरती रो, मै कितरो करां रे बखान, कण कण से गूंजे राजस्थान, हर घर में अब एक ही नाम एक ही नारा गूंजेगा, मेरे भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा, ओ नीले घोडे रा असवार, म्हारा मेवाडी सरदार, राणा सुणता ही जा ज्यो जी, मेवाडी राणा सुणता ही जा ज्यो जी, राणा थारी दकाल सुनकर अकबर धूज्यो जाए, हल्दीघाटी रंगी खून सूं, नालो बहतो जाए, चाली मेवाडी तलवार, बग्या खुना खंडार, म्हाने जीबा सूं नहीं प्यार, म्हाने मरणो है एक बार, मायड थारो वो पूत कठे, वो एकलिंग दीवान कठे, वो महाराणा प्रताप कठे, हल्दीघाटी में समर लडयों, वो चेतक रो असवार कठे, वो झुक्यो नही ना हारीयों, अकबर री सेना रे आगे, उण वीर सूरमा री यादा, हिवडा में जोश जगा जावें, मेरे देश का यारों क्या कहना, मेरा देश है दूनिया का गहना, हे प्रीत जहां की रीत सदा, वहां के गीत गाता हूॅ, मैं भारत का रहने वाला हूॅ, भारत की बात सुनाता हूॅ....सहित कई वीरों की गाथाएं एवं देशभक्ति भजनों की प्रस्तुतियां दी जिस पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाई व नृत्य किया।

इस अवसर पर विधायक रामसहाय वर्मा, उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा, जयपुर पार्षद अंकित वर्मा, ओपी गुप्ता, परसराम कुमावत, गिर्राज चैधरी, मंगलराम मीणा, रमेश सैनी, संजय रैगर, शंकरलाल सैनी, रामविलाश बलाई, जीतू विजय, वंशप्रदीप पारीक, घासी अग्रवाल, कैलाश नटवाडा, मोला सेन, रतनदीप गुर्जर, मदनलाल वर्मा, राजेन्द्र चैधरी, मोहित संमति, जयनारायण कुमावत, लालचन्द सैनी, अविनाश पारीक, आनन्द पारीक, पवन शर्मा गुरूजी व जीतू धारवाल सहित कई पार्षद व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय नेटबॉल छात्रा वर्ग प्रतियोगिता: भीलवाड़ा 17 आयुवर्ग, हनुमानगढ़ 19 आयु वर्ग में रही विजेता

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** 69 वीं राज्य स्तरीय नेटबॉल 17/19 आयुवर्ग छात्रा क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन 6 अक्टूबर को सुबह साढे 9 बजे राबाउमावि मानटाउन प्रांगण में समारोह पूर्वक होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दीपक मीना रहेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व उप सभापति राजेश गोयल एवं नगर परिषद सभापति जयप्रकाश सामरिया शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा द्वारा की जाएगी। प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य राबाउमावि मानटाउन कल्पना शर्मा ने बताया कि 30 सितंबर से प्रारंभ हुई प्रतियोगिता के फाइनल मैच शनिवार को शाम की पारी में खेले गए। 17 वर्ष आयुवर्ग का फाइनल मैच भीलवाडा एवं हनुमानगढ के बीच खेला गया। जिसमें रौमांचक एवं कडा मुकाबला देखने को मिला। कडी प्रतिष्पर्धा में भीलवाडा की टीम ने हनुमानगढ को 31-30 के स्कोर से पराजित कर फाइनल जीता। 17 वर्ष आयुवर्ग में प्रथम स्थान पर भीलवाडा, द्वितीय स्थान पर हनुमानगढ की टीम रही। इसी प्रकार 19 वर्ष आयुवर्ग का फाइनल मैच हनुमानगढ एवं जयपुर के बीच हुआ। इस रौमांचक मुकाबले में हनुमानगढ ने जयपुर को 38-33 के स्कोर से पराजित कर जीत दर्ज की। 19 वर्ष आयुवर्ग में प्रथम स्थान पर हनुमानगढ, द्वितीय स्थान पर जयपुर की टीम रही। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश लाल मीना एवं संयोजक कल्पना शर्मा ने बताया कि रविवार को विजेता खिलाडियों को जिला कलेक्टर के सौजन्य से रणथंभौर टाइगर प्रोजेक्ट का भ्रमण करवाया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने आई खिलाडियों एवं सहयोग में लगे कार्मिकों के भोजन, अल्पाहार सहित अन्य व्यवस्थाओं को भामाशाहों के सहयोग से सुव्यवस्थित किया गया।

## डिग्गी कल्याण धाम के लिए पदयात्रा रवाना



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** श्री कल्याण पैदल यात्रा संघ के तत्वावधान में निवाई से 44वीं विशाल कल्याण धाम पदयात्रा गाजे- बाजे के साथ रवाना हुई।

निवाई से श्री डिग्गी धाम के लिए विशाल पदयात्रा जुलूस के साथ रवाना हुई। पदयात्रा को जुलूस शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ डिग्गी के लिए रवाना हुआ। पदयात्रा में अखाडे वाले बालाजी के अखाडा कलाकार हेरतंगेज कारनामें दिखाते हुए चल रहे थे। युवा कल्याण महाराज के जयकारों के साथ डीजे के भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। पदयात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

## किसानों की अन्नदाता हुंकार रैली सरकार के आश्वासन के बाद स्थगित



बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। किसान महापंचायत के तत्वावधान में जयपुर में आयोजित अन्नदाता हुंकार रैली सरकार के आश्वासन के बाद स्थगित कर दी गई है। किसान महापंचायत निवाई के अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के नेतृत्व में अन्नदाता हूंकार रैली जयपुर में आयोजित होने जा रही थी। जिसमें राजस्थान के सैंकड़ों किसानों द्वारा आन्दोलन प्रदर्शन किया जाता। जिसको लेक राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट की मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव सुधांशु पथ से वार्ता हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं के समाधान पर सहमति हुई एवं अन्नदाता हुंकार रैली को आगामी निर्देशानुसार स्थगित कर दिया गया।

वार्तालाप में सरकार के प्रतिनिधि पूनम आईएएस आयुक्त जयपुर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर प्रथम, कृषि विपणन विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारी सहित महापंचायत के युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, उपाध्यक्ष सीताराम खादवाल, महासचिव नवलसिंह राजावत व महामंत्री शंकरलाल मीणा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## सवाईमाधोपुर और करौली जिले में जल्द ही 33.48 किमी लंबा बाईपास बनेगा

बढ़ता राजस्थान



सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। सवाईमाधोपुर और करौली जिले में जल्द ही 33.48 किमी लंबा बाईपास बनेगा। जिस पर करीब 963 करोड़ रुपए खर्च होंगे। गंगापुरसिटी-करौली बाईपास निर्माण के लिए भूमि अवाप्ति प्रक्रिया शुरू हो गई है। भूमि अवाप्ति अधिकारी व एसडीएम बृजेन्द्र मीना ने बताया कि इसके तहत ग्राम बाढ़ छाबा नम्बर 2, बाढ कलां, बाढ खुर्द, छाबा, चूली, हिंगोटिया, जलोखरा, मोतीपुरा, फरासपुर, सलेमपुर, सलारपुर, ताजपुर में आ रही भूमि को अवाप्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

इनके आक्षेपों की सुनवाई के लिए 7 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से कार्यालय में सुनवाई की जाएगी।

अवाप्ति के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) की धारा 3 (ए) का भारत के राजपत्र में प्रकाशन किया जा चुका है। साथ ही राजपत्र की कॉपी उपखण्ड कार्यालय, तहसील, पंचायत समिति, नगर परिषद में चस्पा की जा चुकी है। साथ ही प्रभावित व्यक्तियों की ओर से उक्त अधिनियम की धारा 3(ग) की उपधारा (1) के तहत आपत्तियां कार्यालय में दी जा चुकी है। इसके बाद अब अवाप्त की जाने वाली भूमि से सम्बधित हितबद्ध व्यक्तियों एवं आक्षेपकर्ताओं की ओर से प्रस्तुत आक्षेपों की सुनवाई 7 अक्टूबर को की जाएगी।

उक्त भूमि अवाप्ति से सम्बधित हितधारी एवं आक्षेपकर्ता व्यक्तिगत रूप से अथवा विधि व्यवसायी के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है।

बता दें गंगापुरसिटी-करौली बाईपास निर्माण पर कुल 963.37 करोड़ रुपए लागत आएगी। यह बाईपास कुल 33.48 किलोमीटर लंबा होगा।

गंगापुर सिटी से निकलने वाला हिस्सा करीब 19 किमी होगा और उसका अनुमानित खर्च लगभग 450 करोड़ रुपए है। वहीं, करौली में लगभग 14 किमी की दूरी के लिए अनुमानित लागत करीब 511 करोड़ बताई जा रही है।

घनी आबादी वाले क्षेत्रों और कम मोड़ से बचने के लिए गंगापुर सिटी और करौली में बाईपास का निर्माण होगा। इससे दोनों शहरों में जाम की समस्या दूर होगी। साथ ही वाहनों की रफ्तार बढ़ेगी और सफर आसान होगा।

### शरद पूर्णिमा आज, भद्रा का रहेगा साया

## चंद्रमा के साए में खीर रखने से पहले भद्रा का रखें जरूर ख्याल

बढ़ता राजस्थान




सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। शरद पूर्णिमा सोमवार को पड़ रही है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस बार शरद पूर्णिमा पर भद्रा का साया भी रहने वाला है। ऐसे में ज्योतिषिवदों की सलाह है कि चंद्रमा के साए में खीर रखने से पहले भद्रा का ख्याल जरूर रखें।

इस साल शरद पूर्णिमा पर पूरे दिन भद्रा का साया रहने वाला इस साल शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर दिन सोमवार को पड़ रही है। मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान के अध्यक्ष आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री ने बताया हिंदू धर्म में इस दिन का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन से ही शरद ऋतु शुरू होती है। इस दिन चंद्रमा सोलह कलाओं से युक्त होता है। ऐसी भी कहा जाता है कि शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा अमृत की वर्षा करता है, जिससे धन, प्रेम और स्वास्थ्य के मोर्चे पर लाभ मिलता है। शास्त्रों के अनुसार, भगवान श्री कृष्ण ने इसी दिन महारास रचाया था। कहते हैं कि इस दिन चांद की रोशनी में खीर रखकर खाने से इंसान का भाग्य संवरता है।

ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री ने बताया कि हालांकि इस बार शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा के साए में खीर रखने का मामला थोड़ा गड़बड़ दिख रहा है। दरअसल, 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के दिन भद्रा भी लगने वाली है। भद्रा काल में कोई भी शुभ कार्य या धार्मिक अनुष्ठान करने की मनाही होती है। पंडित ताराचंद शास्त्री अनुसार शरद पूर्णिमा 2025 आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर को दोपहर में 12 बजकर 24 मिनट पर शुरू होगी। और इसका समापन 7 अक्टूबर को सुबह 9 बजकर 18 मिनट पर होगा!

### शरद पूर्णिमा पर भद्रा का समय

इस साल शरद पूर्णिमा पर लगभग पूरे दिन भद्रा का साया रहने वाला है। शरद पूर्णिमा के दिन दोपहर 12 बजकर 23 मिनट से भद्रा काल आरंभ हो जाएगा। इसका समापन रात 10 बजकर 53 मिनट पर होगा! भद्रा काल के बाद ही चंद्रमा के साए में खीर रखना उचित होगा।

### शरद पूर्णिमा पर सावधानियां

यदि आप शरद पूर्णिमा पर उपवास रखने की सोच रहे हैं तो जलाहार या फलाहार उपवास रख सकते हैं। इस दिन घर-परिवार के लोग भी सात्विक आहार ही ग्रहण करें तो ज्यादा बेहतर होगा। शरीर के शुद्ध और खाली रहने पर आप चंद्रमा से बरस रहे अमृत का अधिक लाभ उठा पाएंगे। इस दिन मांस-मदिरा का सेवन बिल्कुल न करें। मन में घृणा, द्वेष और अहंकार की भावना न करें। मान्यता है कि इस दिन मां लक्ष्मी धरती पर भ्रमण करती हैं।

### शरद पूर्णिमा पर कब चंद्रमा के साए में रखें खीर?

द्रिक पंचांग के अनुसार, 6 अक्टूबर को रात 10 ।37 बजे से लेकर रात 12 ।09 बजे तक लाभ-उन्नति मुहूर्त रहने वाला है। लेकिन इस बीच रात 10 ।53 बजे तक भद्रा भी रहेगा। इसलिए आप भद्रा काल से बचते हुए उन्नति मुहूर्त में किसी भी समय खीर रख सकते हैं।

## आनंदपुर कालु पुलिस ने 48 घंटे में चोरी का पर्दाफाश किया, दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**निमाज (ईश्वर सिंह सूर्यवंशी)।** थाना पुलिस ने मात्र 48 घंटे में बंद मकान में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात सहित सम्पूर्ण माल बरामद किया गया है। यह पिछले 15 दिनों में थाना पुलिस द्वारा सुलझाई गई दूसरी बड़ी चोरी की वारदात है। कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा तथा वृत्ताधिकारी जैतारण सतेन्द्र नेगी के सुपरविजन में थानाधिकारी विजयसिंह (उ.नि.) मय टीम द्वारा की गई।

2 अक्टूबर 2025 को परिवादी रामदयाल बावरी निवासी डिगरना ने रिपोर्ट दी थी कि उसके बंद मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित की। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, आस-पास के लोगों से पूछताछ और खुफिया जानकारी के आधार पर दो संदिग्धों को डिटेन किया। मनोवैज्ञानिक पूछताछ में दोनों ने वारदात स्वीकार कर ली। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया सम्पूर्ण माल बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में ढगलाराम पुत्र मांगुराम एवं नर्बदा पत्नी स्व. पुसाराम शामिल हैं। ढगलाराम के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

## उम्मीद और विश्वसनीयता ही जीवन का आधार : अमन जैन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** जीवन एक यात्रा है जिसमें सुख-दुःख सफलता-असफलता, आशा-निराशा के अनेक रंग मौजूद हैं इस यात्रा में उम्मीद और विश्वसनीयता दो ऐसे स्तंभ हैं जो न केवल हमारे व्यक्तिगत जीवन को संतुलित बनाते हैं बल्कि समाज में विश्वास और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं उम्मीद वह ज्वाला है, जो अंधकार में भी रास्ता दिखाती है यह हमें कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढने की ताकत देती है। उदाहरण स्वरूप, किसी विद्यार्थी के लिए परीक्षा में सफलता की उम्मीद ही उसे मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है।

वहीं, किसी रोगी के लिए स्वास्थ्य लाभ की उम्मीद उसे साहस और धैर्य प्रदान करती है उम्मीद केवल मानसिक शक्ति नहीं है बल्कि यह हमारी जीवन दृष्टि को भी सकारात्मक बनाती है जो व्यक्ति निराशा में डूबा रहता है उसके जीवन में प्रगति का मार्ग मुश्किल हो जाता है इसलिए, उम्मीद को बनाए रखना और उसे जीवंत रखना अत्यंत आवश्यक है विश्वसनीयता का अर्थ है दूसरों के विश्वास का पात्र होना। यह व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन दोनों में सफलता की कुंजी है। एक विश्वसनीय व्यक्ति वह है, जिस पर हम भरोसा कर सकते हैं, जो अपने वचन और कार्य में स्थिर रहता है विश्वसनीयता न केवल संबंधों को मजबूत बनाती है, बल्कि यह समाज में विश्वास और सहयोग की भावना को भी विकसित करती है।

## यूथ आइकॉन भावना पालीवाल के जन्मदिवस पर जिलेभर में सेवा और जागरूकता कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सामजिक कार्यकर्ता भावना पालीवाल के जन्मदिवस पर जिलेभर में सेवा, शिक्षा और जागरूकता से जुड़े अनेक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भावना पालीवाल के समाजसेवी जीवन से प्रेरणा लेते हुए विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत युवा टीमों और महिला मंडलों ने एक स्वर में सेवा ही सच्चा उत्सव है के भाव को साकार किया। राजसमन्द मुख्यालय पर करियर संस्थान सचिव नीलेश पालीवाल के मार्गदर्शन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पौधे लगाए गए। आमेट में सुमित्रा कुमारी ने कई जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। देवगढ़ के विजयपुरा क्षेत्र में पूजा सालवी और वंदना सालवी के संयोजन में वॉलीबॉल मैच का आयोजन हुआ।जिसके बाद प्रतिभागी खिलाडियों को खेल सामग्री भी वितरित की गई। ग्रामीण युवाओं में खेल भावना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का यह संदेश विशेष रूप से सराहा गया। देवगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में मोनिका चौहान ने पक्षी संरक्षण हेतु 20 बर्ड हाउस लगाकर पर्यावरण प्रेम का उदाहरण प्रस्तुत किया।ओर भीम क्षेत्र के बग्गड़ गांव में सीमा कुमारी ने युवतियों को बैडमिंटन नेट प्रदान की और उन्हें खेलों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। नाथद्वारा में ज्योति कुमारी द्वारा बेटियों को 100 से अधिक निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया। कुम्भलगढ़ में भगवती कुमारी द्वारा कपड़ा बैंक के तहत जरूरतमंद परिवारों को वस्त्र सामग्री प्रदान की गई। इसी क्रम में । गोमती क्षेत्र में युवाओं की टीम ने 400 से अधिक कपड़े की थैलियों का वितरण किया, जिससे प्लास्टिक मुक्त भारत के संदेश को बल मिला।

## पत्रकार वार्ता में कुंभलगढ़ विधायक राठौड़ बोले- स्वदेशी उत्पादों से ही बनेगा सशक्त भारत



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय राजसमंद में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल, कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, नगर मंडल अध्यक्ष सहित जिला भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन देश को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिल सके और विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता घटे। उन्होंने कहा

### केंद्रीय वन मंत्री यादव एवं वन राज्यमंत्री शर्मा ने किया अखैपुरा पुलिस थाने का उद्घाटन

# केंद्र व राज्य सरकार विकास के साथ वन व जन की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध - केंद्रीय वन मंत्री यादव

बढ़ता राजस्थान




**अलवर(का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने रविवार को राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत अलवर शहर में खोले गए अखैपुरा पुलिस थाने का उदघाटन किया।

केंद्रीय वन मंत्री यादव ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार विकास के साथ शांति व सुरक्षा की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज वन सुरक्षा व ईको ट्यूरिज्म को बढावा देने के लिए एक और नमोवन बायोडायवर्सिटी पार्क का लोकार्पण किया गया है। वहीं दूसरी ओर जन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अखैपुरा पुलिस थाने का उद्घाटन किया गया है। यह केंद्र व राज्य सरकार की वन व जन की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्घता दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक डिजिटल युग में पुलिसिंग की चुनौतियां नए रूप में सामने आ रही है। इनसे मुकाबला करने के लिए पुलिसिंग को एडवांस बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अलवर पुलिस द्वारा साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने अखैपुरा थाने के नए भवन के प्रस्ताव बनाने तथा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर अलवर के विकास व पौधारोपण के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस थाना भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपये की राशि सांसद निधि कोष से देने की घोषणा की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अखैपुरा क्षेत्रवासियों की ल बे समय से पुलिस थाने की मांग की थी, जिसको मु यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट घोषणा के माध्यम से पूरी की है। उन्होंने कहा कि इस पुलिस थाने से कोतवाली के कार्यभार में कमी आएगी और अखैपुरा सहित आसपास के क्षेत्रों में कानून व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने पुलिस थाने के नवीन भवन के लिए विधायक निधि कोष से 20 लाख रूपये देने की घोषणा की तथा सांसद निधि कोष से 20 लाख रूपये भवन के लिए देने पर केंद्रीय मंत्री श्री यादव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुरूप और राशि भी भवन के लिए उपलब्ध करवाई जावेगी। उन्होंने कहा कि जिले में गो तस्करी पर लगाम लगाने के लिए पुलिस की आवश्यकतानुरूप उन्होंने चार कै पर गाडियां विधायक निधि कोष से उपलब्ध कराई जा रही है।

दोनों मंत्रिगणों ने थानाधिकारी विजयपाल सिंह को कुर्सी पर बैठाकर विधिवत रूप से थाने का शुभार भ कराया। साथ ही उन्होंने पुलिस थाना परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंच संचालन शिक्षाविद् दिनेश शर्मा ने किया। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने अलवर पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण की दिशा में किए जा रहे कार्यों खासतौर पर साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए चलाए गए 'साइबर संग्राम' अभियान आदि की जानकारी देते हुए मंत्रिगणों को विश्वास दिलाया कि नवीन पुलिस थाना अखैपुरा को जिले के बेस्ट थाने के रूप में संचालित कराया जाएगा।

## नाटक महाराजा भर्तृहरि में नीति शतक के अंतर्गत राजा का दिखाया गया न्याय


बढ़ता राजस्थान



अलवर (का.स.)। नाटक महाराज भतृहरि का विधिवत्त शुभारंभ ,अपारदर्शकों के बीच हुआ। महान धार्मिक सामाजिक एवं ऐतिहासिक नाटक में आज एक राजा का न्याय क्या होना चाहिए नीति शतक के अंतर्गत अपार दर्शकों के बीच प्रदर्शित हुआ नाटक का प्रारंभ भोलेनाथ से निराला मधुर गायन के साथ होता है और इसके तुरंत बाद भरतरी हरी का नीति शतक के अंतर्गत एक न्याय प्रिय राजा को दर्शाया गया है।

दरबार में एक तेली अपनी फरियाद लेकर आता है की महाराज मेरा न्याय कीजिए मैं बड़ी मेहनत करके एक.एक पाई पाई इसका कर्ज सेठ जी का चुका दिया है लेकिन यह दोबारा मांग कर मेरी गर्दन पर कुठाराघात कर रहे हैं इस पर भरतरी हरी न्याय करते हुए नगर सेठ माया दास को दरबार से बाहर जाने के लिए कहते हैं इसके उपरांत दो औरतें अपना न्याय कराने के लिए दरबार में आती हैं एक विधवा और एक सरधुवा औरत दोनों रहती है कि यह बच्चा मेरा है भर्तृहरि कहते हैं कि हमें यह न्याय करना ही होगा विपत्ति में देखकर बछड़े कोनहीं छुपेगी नहीं छुपेगी कि आग छाती में मां की वह है जो नहीं छुपेगी नहीं छुपेगी और वह एक बाधिक को बुलाते हैं और कहते हैं कि इस बालक के दो टुकड़े कर दो आधा इसको दे दो और आधा उसको दे दो इस पर विधवा औरत कहती है नहीं महाराज नहीं इसे ही दे दो लेकिन मैं अपने बच्चे का वध ना होने दूंगी इस पर भर्तृहरि औरत को कहते हैं कि यह बालक तुम्हारा नहीं इसका है इस पर प्रधान सचिव विद्यासागर बोलते हैं असली माता हो गई प्रकट क्या सुंदर सरल उपाय किया जल और दूध कर दिया पृथक वह राजहंस ने न्याय किया। मुख्य कलाकारों में भर्तृहरि का प्रभावी अभिनय ललित मिश्रा ने बड़ी ही परिपक्व कला का परिचय देते हुए दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी वही प्रधान सचिव विद्यासागर का अभिनय श्री लोकेश मिश्रा ने बखूबी निभाया तेली के रूप में श्री मनोज कुमार गोयल और सेठ माया दास के रूप में श्री देवराज शर्मा ने भी दर्शकों पर काफी प्रभाव डाला राजपुरोहित की भूमिका आचार्य राजेंद्र शर्मा ने और विक्रम का प्रभावी अभिनय सुभाष गॉड ने किया महारानी पिंगला का अभिनय जयपुर से आई महिला कलाकार श्रीमती ज्योत्सना एवं मोहिनी क ा अभिनय कुमारी गीता ने अपनी कुशल अभिनीत कल का परिचय देते हुए किया जिसे मुक्त कंठ से दर्शकों ने सराहा।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर 25 गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा, गो तस्कर फरार



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार रात को गोवंश तस्करी का बड़ा मामला सामने आया। गौरक्षक अजय शर्मा ने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पिनान के समीप पिलर नंबर 128.1 के पास गोवंशों से भरे एक ट्रक को गौसेवकों ने पकड़ लिया। वाहन में कुल 25 गोवंश भरे हुए थे, जिनमें से 2 की मौत हो गई। भोरंगी धाम गौशाला सेवा समिति के अजय शर्मा ने बताया कि सभी जीवित गोवंशों को सुरक्षित निकालकर भोरंगी धाम गौशाला में लाया गया है, जहां उनकी देखभाल शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अलवर के गौ रक्षक हेमंत कुमार के नेतृत्व में टीम ने दौसा से फिरोजपुर झिरका जा रहे ट्रक का पीछा किया। पीछा करने के बाद गौरक्षकों ने पिनान के पास ट्रक को रोक लिया। गौ तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। जिसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गौवंश से भरे ट्रक को जब्त कर 23 गौवंश को भौरंगी धाम गौशाला को सौंप दिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आर्काइव्स म्यूजिका, संगीत व कला विद्यालय में प्रतिभाए दिखा रही हैं अपना जौहर

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** आर्काइव्स म्यूजिका, संगीत व कला विद्यालय इकाई आश्रम प्रगति व विकास संस्थान द्वारा पं विष्णु दिगंबर पलुस्कर और पं रघुनाथ तलेगांवकर की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय 11वीं अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता रागा हार्मनी का रविवार को महावर ऑडिटोरियम, जेल सर्कल में भव्य उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह में केबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव, राज्य मंत्री संजय शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता,पंडित जले सिंह और पंकज अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और संगीत के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल शास्त्रीय और लोक संगीत को संरक्षित करने में मदद करते हैं, बल्कि युवा कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने का मंच भी प्रदान करते हैं। समारोह में निदेशक अनिल सैनी, प्राचार्य विनीत चतुर्वेदी और सचिव लक्ष्मी नारायण ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी।

इस प्रतियोगिता में लगभग 250 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जो कलकत्ता, पटना, आगरा, झांसी, मथुरा, बनारस, चंडीगढ़, हरिद्वार, दिल्ली,फरीदाबाद, रेवाड़ी, बड़ोदराए ग्वालियर, अजमेर, जयपुर, जोधपुर, बालोतरा और अलवर जैसे विभिन्न शहरों से आए हैं। प्रतियोगिता में पटना के झांसी के हर्ष ने पिया की नजरिया जादू भरीए हरिद्वार की मानवी ने कान्हा मोरी बात ना माने ए सूरत से आई भारती ने राग दुर्गा में जगत जननी दुर्गे भवानी बनारस की वैष्णवी श्री ने बांसुरी पर राग यमनए कोलकाता के गौरव मुखर्जी ने पहाड़ी धुन वायलिन पर बजाकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व अन्य सभी श्रोताओं ने बहुत ही सराहा।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है शास्त्रीय और लोक संगीत के माध्यम से कला और संस्कृति का संरक्षण करना तथा नए और युवा कलाकारों को मंच प्रदान करना, ताकि वे अपने हुनर का प्रदर्शन कर सकें और कला के क्षेत्र में प्रगति कर सकें।

प्रतिभागियों और आयोजकों की सराहना प्रतिभागियों और उनके प्रशिक्षकों ने इस प्रतियोगिता को कला और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करार दिया। आयोजकों ने भी इस अवसर पर सभी अतिथियों, कलाकारों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता अगले दिन, यानी 6 अक्टूबर तक सुबह 7 बजे से शाम 8 बजे तक लगातार चलेगी और दर्शकों को संगीत और नृत्य का समृद्ध अनुभव प्रदान करेगी।

### शताब्दी वर्ष में गूंजा संघ गीतः सैकड़ों स्वयंसेवक हुए शामिल, जगह-जगह पुष्पवर्षा, गूंजे देशभक्ति के नारे

# आरएसएस का भव्य विजयादशमी उत्सव और पथ संचलन

बढ़ता राजस्थान



**निमाज (ईश्वर सिंह सूर्यवंशी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (निमाज मंडल) के शताब्दी वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में रविवार को भगवान आदिनाथ स्टेडियम में विजयादशमी उत्सव एवं भव्य पथ संचलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में संघ के शताब्दी वर्ष के प्रमुख संदेश — सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी का भाव, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे संपत से हुआ, जिसके बाद 9 बजे उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता प्रांत कार्यवाह श्री धन्नाराम (जोधपुर प्रांत) ने संबोधित करते हुए कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष का यह पर्व संगठन, सेवा और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर सह प्रांत कार्यवाह धन्नाराम, खंड संघचालक संपतराज जोशी (जैतारण खंड) सहित मंडल के सात ग्रामों के सैकड़ों स्वयंसेवक और नागरिक उपस्थित रहे। प्रातः 10.15 बजे भगवान आदिनाथ स्टेडियम से प्रारंभ हुआ पथ संचलन बस स्टैंड, शनि मंदिर, बिजलीघर, रामद्वारा, आसरलाई दरवाजा, होली चौक, बालिका विद्यालय, मुख्य बाजार, पोस्ट ऑफिस, गढ़, पटेलों की हथाई, शिव मार्केट, रामदेव मंदिर और सेवा बस्ती मार्गों से होता हुआ पुनः स्टेडियम में संपन्न हुआ।

### जगह-जगह पुष्पवर्षा, भारत माता की जय के नारों से गूंजा नगर

पथ संचलन के दौरान नगरवासियों ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। महिलाओं, बालक-बालिकाओं और व्यापारी वर्ग ने तिरंगे झंडे लहराकर देशभक्ति का माहौल बना दिया। पूरा कस्बा भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकरूपता और समर्पण की मिसाल पेश करते हुए समाज में संगठन, सेवा और एकता का संदेश दिया।

## कोटा में धारीवाल और गुंजल के समर्थक हुए आमने-सामने

### नारेबाजी के दौरान हाथापाई तक की नौबत आई; राखी गौतम को अंदर जाने से रोका



बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** कोटा में रविवार को शहर कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी एक बार फिर खुलकर सामने आ गई। कांग्रेस कार्यालय में दोपहर करीब साढ़े 3 बजे आयोजित बैठक में उस समय हंगामा मच गया, जब एआईसीसी के संगठन सृजन अभियान को लेकर नियुक्त पर्यवेक्षक और तेलंगाना के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जेट्टी कुसुमा कुमार कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। बैठक कोटा जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के दावेदारों से आवेदन लेने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक की शुरुआत शांतिपूर्ण तरीके से हुई, लेकिन कुछ ही देर में कार्यालय में माहौल गरमा गया।

**कार्यकर्ताओं ने जमकर की नारेबाजी**

बैठक के दौरान पूर्व मंत्री और कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल और कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल के समर्थक नारेबाजी कर रहे थे। इसके बाद माहौल बिगडने लग गया। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए वे आमने-सामने हो गए। स्थिति बिगड़ती देख दोनों नेताओं ने समर्थकों से शांत रहने की अपील की, लेकिन कार्यकर्ताओं ने उनकी एक नहीं सुनी और नारेबाजी तेज होती चली गई। माहौल इतना तनावपूर्ण हो गया कि शांति धारीवाल बैठक छोडक़र कार्यालय से बाहर निकल गए। हंगामा यहीं नहीं थमा, कुछ देर बाद महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राखी गौतम के समर्थक भी सक्रिय हो गए और उन्होंने भी नारेबाजी शुरू कर दी। कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की और हाथापाई जैसी नौबत आ गई।

**पर्यवेक्षक बोले-गुटबाजी नहीं है**

पर्यवेक्षक जेट्टी कुसुमा कुमार ने स्थिति को संभालने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं। उन्होंने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिलेभर के कार्यकर्ताओं से रायशुमारी ली जा रही है, ताकि जिला अध्यक्ष की नियुक्ति कार्यकर्ताओं की पसंद के अनुसार की जा सके।

**31 अक्टूबर तक होगी नए जिला अध्यक्ष की नियुक्ति**

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि जिला अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों से आवेदन लिए जा रहे हैं, उसके बाद सभी से फीडबैक लिया जाएगा और 31 अक्टूबर तक नए जिला अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। कोटा कांग्रेस की इस बैठक में कार्यकर्ताओं के जोश के साथ-साथ अंदरूनी गुटबाजी खुलकर सामने आ गई।

## मंत्री नागर ने डूंगरज्या में फर्श उखड़वाकर देखा तो खुली भ्रष्टाचार की परतें

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा संलिप्त अधिकारी तुरन्त सस्पेंड होंगे-ऊर्जा मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/ दीगोद(विनोद गौड़)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर आजकल जबरदस्त एक्शन मोड में हैं। वे जहां भी जा रहे हैं निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेकर भ्रष्टाचार की बात सामने आने पर स्वयं मौके पर जाकर निर्माण कार्य की जांच करवा रहे हैं।

ऐसा ही अवसर रविवार को डूंगरज्या गांव में सामने आया।मंत्री नागर रविवार को डूंगरज्या के संस्कृत स्कूल में चल रहे कक्षा कक्षों के निर्माण को देखने पहुंचे थे। यहां लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के द्वारा सीएसआर फंड से क्लास रूम निर्माण के लिए 18 लाख रुपए की राशि दी गई थी। मंत्री हीरालाल नागर ने स्कूल में जाकर घटिया निर्माण कार्य को देखा। उन्होंने अधिकारियों को बुलाया और मौके पर ही फर्श को उखड़वाया। फर्श के नीचे बिना पीसीसी और सोलिंग किए ही मिट्टी भरकर कोटा स्टोन लगाया दिया था। जिसे देखकर मंत्री नागर भी हैरत में पड़ गए। उन्होंने अधिकारियों से पूरा फ्लोर उखड़वाकर दोबारा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिषद के सीईओ को फोन कर निर्माण कार्य की जांच के लिए कमेटी बनाने के भी निर्देश दिए। घटिया निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को ब्लैक लिस्ट करें। ठेकेदार की संपत्ति कुर्क कर उससे वसूली की जाए। वहीं विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता पाए जाने पर उन्हें तुरंत सस्पेंड किया जाए।



### सडक़ मे देखी दरारे कहा कंपनी को ब्लैक लिस्ट करो

मंत्री हीरालाल नागर ने डूंगरज्या गांव में ही बन रही सडक़ के निर्माण कार्य को भी जाकर देखा तो सडक़ पर गहरी दरारें पड़ी हुई थी। उन्होंने मौके पर एक्सईएन को बुलाकर सडक़ के बारे में जानकारी ली। जब एक्सईएन ने बताया कि कार्य को रिजेक्ट कर दिया गया है तो मंत्री नागर ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा कि केवल पेमेंट रोकने से काम नहीं चलेगा। कंपनी को ब्लैक लिस्ट करें। टेंडर को रिजेक्ट कर दोबारा टेंडर कराया जाए। जिन अधिकारियों की भूमिका घटिया निर्माण में मिले उन्हें तुरंत सस्पेंड किया जाए।

## आईएल गुरूद्वारे में विधायक शर्मा ने वाटर कूलर का लोकार्पण कर लंगर चखा

# धर्मस्थलों पर जनसुविधाओं का विकास हमारी प्रतिबद्धता - संदीप शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(विनोद गौड़)।** रविवार को आईएल स्थित गुरूनानक दरबार गुरूद्वारे में बोरवेल, वाटर कूलर और पानी की टंकी का लोकार्पण का कार्यक्रम हुआ। लोकार्पण अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने उन्होंने कहा कि धर्मस्थल पूजा के साथ-साथ समाज के हर तबके को एक स्थान पर लाकर एकता का भाव उत्पन्न करने वाले पवित्र स्थल हैं। यहां पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र होते हैं, ऐसे में इन धर्मस्थलों पर जनसुविधाओं का विकास हमारी प्रतिबद्धता है और इसके लिए हम निरंतर कार्यरत हैं। इस अवसर पर उन्होंने गुरू ग्रन्थ साहिब के दर्शन किए, शबद सुने और गुरूद्वारे की संगत के साथ लंगर ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि गुरू नानक देव जी द्वारा 15वीं शताब्दी में शुरू की गई लंगर की परम्परा को सिख समुदाय ने आज तक निरंतर जारी रखा है। लंगर का आयोजन पूरी दुनिया में मिसाल है जो अन्य कहीं देखने को नहीं मिलती, यहां जाति, धर्म, सम्प्रदाय, अमीर-गरीब हर भेद को मिटाकर प्रत्येक व्यक्ति को मानव मानकर सेवा की जाती है। जिस प्रकार लोग यहां आकर गुरू घर में सेवा करते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं इससे हमें ईश्वर के बनाए सभी मनुष्य बराबर मानते हुए ईश्वर का शुकराना अदा करना चाहिए।

लोकार्पण के अवसर पर गुरूद्वारा प्रधान अजीत सिंह, रविन्द्र सिंह सोहल, हरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




## व्यक्ति नहीं तत्व वाद की शिक्षा देता है संघ- सीपी शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शहर में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। नांता के पीपली चौराहे स्थित शिव मंदिर में प्रांगण में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया । पथ संचलन करते हुए गांव के प्रमुख मार्गो से निकलता हुआ स्वयंसेवकों का दल कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। जहां पर कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता चंद्र प्रकाश शर्मा बौद्धिक शिक्षण प्रमुख अंबेडकर नगर ने सत्र को संबोधित किया।

डॉक्टर हेडगेवार जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शर्मा ने बताया कि आजादी के पूर्व से ही संघ देश के लिए समर्पित युवाओं के लिए अदालतों में भी लड़ा है । संघ की तो पहले प्रार्थना में ही देश को आजाद कराने की प्रतिज्ञा सम्मिलित थी। देश की आजादी से लेकर सनातनी हिंदू के विचारों से प्रेरित हिंदू राष्ट्र बनाने की प्रार्थना करने वाला यह संगठन ही है।

**मित्राय पापाय नास्ते :** 8,5,2,1,0, का मंत्र बताया। 8 घंटे नींद,5 रस का भोजन, 2 घंटे मोबाइल बंद,1 घंटे व्यायाम, तथा 0 बाहर का भोजन ही सुखी जीवन का मंत्र है। मित्रवत व्यवहार ही आज के परिवार का सूत्र है। एकात्म भाव को अपनाकर हम समाज व प्रयास पड़ोस की सेवा कर सकता है बिना किसी के कुछ कहे ही उसकी परेशानी को समझ कर हम आपस में एक दूसरे के सहोदर होने का कर्तव्य निभा सकते हैं।

## डॉ. सुरेश पाण्डेय पुष्कर में आयोजित नेत्र महाधिवेशन में सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** राजस्थान आफ्थल्मॉलॉजिकल सोसायटी (आर.ओ.एस.) द्वारा आयोजित 47वां वार्षिक नेत्र महाधिवेशन (रॉसकॉन 2025) पुष्कर स्थित जॉलीवुड बैंक्वेट एण्ड रिसॉर्ट में 3 से 5 अक्टूबर तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रतिष्ठित नेत्र महाधिवेशन में राजस्थान सहित नई दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद तथा देश के अन्य प्रमुख शहरों से 700 से अधिक वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेजर सेंटर, कोटा के निदेशक एवं वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय को नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, शोध एवम् नवाचार कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. सुरेश पाण्डेय को "फेको इन पॉस्चरल डिसऑर्डर" विषय पर उनके उत्कृष्ट वीडियो प्रस्तुतीकरण के लिए वीडियो पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाधिवेशन के दौरान आयोजित राजस्थान प्रीमियर लीग (आर. पी.एल.) प्रतियोगिता में डॉ. सुरेश कुमार पाण्डेय (कैप्टन) की टीम 'चैहान चार्जर्स' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए "ऑडियंस पोल अवार्ड" जीता। इस टीम में डॉ. मिलिंद नायक, डॉ. सौरभ भार्गव एवं डॉ. हर्षुल टॉक भी शामिल थे।

## खैराबाद में वाटर कूलर खरीद में भ्रष्टाचार की जांच के आदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(विनोद गौड़)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने खैराबाद पंचायत समिति क्षेत्र में वाटर कूलर खरीद में कथित भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की शिकायतों पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर पिछले एक वर्ष में खरीदे गए सभी वाटर कूलरों की गुणवत्ता, भुगतान प्रक्रिया और रिकॉर्ड को तत्काल सीज कर जांच करने के निर्देश दिए हैं। परिवार का नाम आने पर दिलावर ने की 5 सदस्यीय टीम गठित। मंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में वाटर कूलर खरीद में कथित कमीशनखोरी की बातचीत सामने आई है, जिसमें उनके और उनके परिवार का नाम भी लिया गया है। उन्होंने कहा कि वे भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के सख्त खिलाफ हैं और किसी भी स्तर पर ऐसी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जिला कलेक्टर को निर्देश दिए कि उच्च अधिकारियों की पांच सदस्यीय जांच समिति गठित कर 7 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। दिलावर ने कहा कि जांच पूरी पारदर्शिता से की जाए और यदि किसी भी अधिकारी, कर्मचारी या अन्य व्यक्ति की संलिप्तता पाई जाती है तो कठोरतम प्रशासनिक कार्रवाई की जाए।

## नान्ता थाने ने पकड़ा शातिर चोर कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाईकिले बरामद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(विनोद गौड़)।** शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौत्तम ने वाहन चोरी का खुलासा किया है। एसपी ने बताया कि घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं वाहन चोरो की गिरफ्तारी हेतु समस्त थानाधिकारीयों को निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में दिलीप सैनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे गंगासहाय शर्मा वृत्ताधिकारी वृत केन्द्रीय कोटा शहर के सुपरविजन मे थानाधिकारी थाना नान्ता नवल किशोर शर्मा उप निरीक्षक के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम को 4 अक्टुबर को मुबखीर से सूचना मिली की एक संदिग्ध चोरी की मोटरसाईकिल को बेचने की फिराक में है। टीम ने मौके से अभियुक्त उम्र 19 वर्षीय पवन जोगी पुत्र सोहन लाल जाति कालबेलिया निवासी कालबेलिया बस्ती करणी को डिटेन किया। जिससे गहनता से अनुसंधान करने पर दो अन्य चोरी की मोटरसाईकिले भी बरामद की गई है।



**घटना क्रम**

दिनांक 29 अगस्त को फरियादी महेन्द्र कुमार ने पुलिस थाना नान्ता पर रिपोर्ट दी कि करीब 12 बजे दोपहर को मै मेरी मोटरसाईकिल क्रछ्व 20 क्चष्ठ 8403 को पत्थर मण्डी स्टाक के पास खडी करके मजदूरी करने लग गया, समय करीब 2 बजे दोपहर को मोटरसाईकिल देखी तो नहीं मिली। कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया। रिपोर्ट पर कार्यवाही करें। उक्त रिपोर्ट पर थाना नान्ता में रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात चोरी की तलाश प्रयास किये गये। घटना स्थल के आस पास सीसीटीवी व मुखबिर तंत्र से जानकारिया जुटाई गयी। नवल किशोर शर्मा उ.नि. थाना नान्ता, राजकुमार हैड कानि., प्रभूनारायण कानि., मनोज कुमार कानि., सुनिल कुमार कानि. सतवीर सिंह कानि. ने कार्य वाही मे अहम भूमिका निभाइ।

## त्योहारों के अवसर पर इंदौर-हजरत निज़ामुद्दीन-इंदौर द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष ट्रेन का संचालन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा इंदौर-हजरत निज़ामुद्दीन-इंदौर के मध्य द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09309 (इंदौर-हजरत निज़ामुद्दीन) का संचालन दिनांक 03 अक्टूबर 2025 से 30 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को कुल 18 फेरों में किया जा रहा है। यह ट्रेन इंदौर स्टेशन से सायं 17.00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 21.28 बजे रामगंज मंडी, 22.35 बजे कोटा, 23.55 बजे सवाई माधोपुर एवं 00.43 बजे गंगापुर सिटी स्टेशनों पर ठहरते हुए अगले दिन प्रातः 05.00 बजे हजरत निज़ामुद्दीन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09310 (हजरत निज़ामुद्दीन-इंदौर) का संचालन दिनांक 04 अक्टूबर 2025 से 01 दिसम्बर 2025 तक प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को कुल 18 फेरों में किया जा रहा है। यह ट्रेन हजरत निज़ामुद्दीन स्टेशन से प्रातः 08.20 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 12.30 बजे गंगापुर सिटी, 13.20 बजे सवाई माधोपुर, 14.35 बजे कोटा एवं 15.40 बजे रामगंज मंडी स्टेशनों पर ठहरते हुए उसी दिन रात्रि 21.00 बजे इंदौर पहुंचेगी।

## राष्ट्रीय दशहरा मेला 2025 में बाल प्रतिभा कार्यक्रम संपन्न

# डांस फ्लोर पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, नृत्य की प्रस्तुतियों ने मोह लिया मन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** राष्ट्रीय मेला दशहरा में रविवार को विजयश्री रंगमंच पर बाल प्रतिभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नृत्य के प्रति नन्हें बच्चों में लगन और प्रतिभा देखकर हर कोई दंग रह गया। बालकों और बालिकाओं ने नृत्य की एक से बढक़र एक प्रस्तुति दी। बच्चों ने सुरीले कंठ से गीतों की ऐसी तान छेड़ी की हर कोई वाह वाह कह उठा। नृत्य नाटिका में बच्चों ने बड़े संदेश भी दिए।

अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बाल प्रतिभा कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इस दौरान बारिश के व्यवधान के चलते 47 बच्चों की ही प्रस्तुतियां हो सकीं। मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि शेष सभी बच्चों की प्रस्तुतियां 18 अक्टूबर को विजयश्री रंगमंच पर होगी।



इससे पहले स्काउट गाइड वन नोबल स्टेट ग्रुप की ओर से कृष्णा, अर्पिता, शगुन, रीना, मंजू, आशा, वनिता, सुरेखा, लक्ष्मी, संजना, संजू और परमवीर ने नवदुर्गा पर आधारित नृत्य नाटिका की शानदार प्रस्तुतियां दी। उन्होंने दुर्गा चालीसा जय जय महिषासुर मर्दिनी... पर महिषासुर वध की कथा को जीवंत किया। वहीं माही पुरोहित, दक्षिता मीना, तन्वी, जैनी, इशिता, उपासना वारिचा ने युगल नृत्य किया। उन्होंने गरबा के माध्यम से गुजराती संस्कृति को प्रस्तुत किया। न्यू किड्स अकादमी की ओर से जोगीरा तारा.. गीत पर गरबा प्रस्तुत किया गया। पहल चौथवानी ने रंगीलो मारो ढोलना.../ आदित्य वर्मा ने तेरा ही जलवा.../ दृश्या माखीजा ने दिल में बजी सिटी../ एलीना नागर ने मेरे ढोलना सुन.../ धीरज सिंह ने लाल परी.. परिधि चट्टानी ने मोरीना बनके.. मिहिरा शुक्ला ने शरारा.. गीतों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी।

शिव राम रंग मच्छर धार्मिक नृत्य नाटिका में, कालिका वेज ध राक्षस शब्द का दृश्य देखकर सभी ने जोरदार तालियां बजाई वह बच्चों द्मद्ब प्रतिभाओ को सराहा।

## भगवान सिंह खितोलिया खटीक समाज डीग के निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** जिला खटीक समाज समिति डीग के जिला अध्यक्ष का चुनाव रविवार को समाज के भवन के सभा कक्ष में आयोजित



जिला आम सभा में चुनाव अधिकारी संभाग अध्यक्ष बहादुर सिंह धुते और चुनाव पर्यवेक्षक राधे श्याम पहाडिय़ा की देखरेख में कराया गया जिसमें सर्व सम्मति से भगवान सिंह खितोलिया निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। जिनका कार्य काल 2 वर्ष के लिए रहेगा। सभा का संचालन निवर्तमान जिला अध्यक्ष मंगतू राम किराड ने किया गया। सभा में होरीलाल किराड ,चिम्मन लाल किराड ,होरीलाल सांखला, मि‍ू सिंह सांखला ,विनोद आशीवाल ,इंद्रजीत, चंदू राम किराड,मीडिया प्रभारी नानक सिंह सांखला, भूपन किराड ,लालाराम सेजवाल, प्रेम नागर ,दुलीचंद ,जीवन सीकरी गौरी शंकर रेवडिय़ा हुकम सिंह सांवरिया सहित सभी तहसील क्षेत्रों से आए लोग मौजूद थे।

## एक्सईएन विवेक शर्मा सोमवार को राजाखेड़ा का दौरा करेंगे: एईएन कार्यालय में जनसुनवाई, फीडर इंचार्ज की बैठक लेंगे

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** जयपुर डिस्कॉम धौलपुर के एक्सईएन विवेक शर्मा



सोमवार को राजाखेड़ा का दौरा करेंगे। वे दोपहर 3 बजे सहायक अभियंता कार्यालय में जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान क्षेत्रवासियों की बिजली संबंधी समस्याओं को सुना जाएगा और उनके त्वरित समाधान का प्रयास किया जाएगा। एक्सईएन शर्मा ने आमजन से अपील की है कि वे अपनी शिकायतें लेकर जनसुनवाई में शामिल हों, ताकि मौके पर ही उनका निस्तारण हो सके। जनसुनवाई के बाद, एक्सईएन शर्मा शाम 5 बजे राजाखेड़ा उपखंड के अभियंताओं और फीडर प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में बिजली आपूर्ति, रखरखाव और उपभोक्ता सेवाओं से संबंधित मुद्दों पर चर्चा होगी। इससे पहले, एक्सईएन शर्मा उपखंड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर बिजली तंत्र की स्थिति का जायजा लेंगे। वे विदुत लाइनों, ट्रांसफार्मरों और अन्य बुनियादी ढांचे की जांच करेंगे ताकि आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके।

राजस्थान शिक्षक संघ युवा के प्रदेश संयोजक बने राजवीर पहलावत,

## धौलपुर टीम ने जताया प्रदेश संगठन का आभार, जल्द होगा दीपावली स्नेह मिलन,



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** राजस्थान शिक्षक संघ युवा के प्रदेश अध्यक्ष रावल सिंह भाटी द्वारा उपखंड के खानपुर गांव निवासी और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अलीगढ़ में तैनात अध्यापक राजवीर पहलावत को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर राजस्थान शिक्षक संघ युवा की धौलपुर जिलाध्यक्ष मुकेश मीना के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित कर प्रदेश संगठन का आभार जताया गया। बैठक में पूर्व प्रदेश संयोजक भागेंद्र परमार,पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष पहाडिय़ा,कार्यकारी जिलाध्यक्ष भरत सिकरवार,जिला महामंत्री प्रभाव शर्मा,जिला महामन्त्री पवन राजावत,जिला संगठन महामन्त्री अजमल पठान,जिला संयोजक संतराम मीना,जिला प्रवक्ता विक्रम जीत परमार,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जनक राजपूत,शिवराज मीना,जिला उपाध्यक्ष रवि जोरवाल,हरीशंकर कुशवाह,जिला सचिव राजीव परमार, भरतलाल प्रजापति,दिग्विजय सिंह हाडा,बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष दीपक मीना,महामन्त्री सूरज डागुर,संगठन महामन्त्री तेजवीर डागुर, बसेडी ब्लॉक अध्यक्ष माधव कुशवाह,ब्लॉक महामन्त्री राहुल शर्मा,जारगा ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद अहमद ने हर्ष व्यक्त किया है और राजवीर पहलावत का माला और साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बैठक के दौरान प्रदेश संयोजक राजवीर पहलावत ने सभी का धन्यवाद दिया और आने वाले दिनों में दीपावली मिलन समारोह करवाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि आगामी समय मे प्रत्येक ब्लॉक पर बैठक कर संघ को मजबूत किया जायेगा।

## कृषि महाविद्यालय की क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से जोबनेर में



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर पर 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 तक पांच दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक अंतर महाविद्यालय टूर्नामेंट में भाग लेने हेतु कृषि महाविद्यालय भुसावर की 50 सदस्यीय टीम को बस द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि कृषि महाविद्यालय भुसावर के खिलाड़ी टूर्नामेंट के सभी 35 खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे, जिसमें महिला एवं पुरुष वर्ग की वॉलीबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फुटबॉल, विभिन्न एथलैटिक्स इवेंट शामिल है। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में समूह व एकल नृत्य, रंगोली, कार्टूनिंग, क्ले मॉडलिंग, पोस्टर, कोलाज, निबंध लेखन, मूक अभिनय, वन एक्ट प्ले व विभिन्न भाषण प्रतियोगिताओं में भुसावर के खिलाडी भाग लेंगे। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि खिलाडिय़ों को पिछले दो महीने सघन प्रशिक्षण दिया गया है तथा सभी खिलाडिय़ों ने कड़ी मेहनत की है इसलिए हमारे खिलाडिय़ों के उम्दा प्रदर्शन की उम्मीद है। टीम के साथ स्पोर्टस प्रभारी डॉ. मोहित कुमार, राहुल मीणा, प्रेम कुमारी वर्मा व दीपक मीणा गये हैं।

### राजाखेड़ा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन संपन्न

# सैकड़ों स्वयंसेवकों ने दिखाई अनुशासन एकता और संगठन की शक्ति

बढ़ता राजस्थान

**राजाखेड़ा (नि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजाखेड़ा द्वारा रविवार दोपहर 3 बजे से भव्य पथ संचलन का आयोजन राजाखेड़ा नगर में किया गया। यह संचलन आदर्श विद्या मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों मुख्य बाजार, रामखिलाड़ी चौराहा, पीर की मस्जिद, पुलिस चौकी, हाट मैदान, मनोरमा की कोठी होते हुए पुनः आदर्श विद्या मंदिर पर संपन्न हुआ।संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अनुशासन, परिधान और घोष के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय डाक विभाग के डाक उपमहानिदेशक आईएएस दुष्यंत मुद्गल रहे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायी वक्तव्यों में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि यह संस्कार



की वह भट्टी है जहां से हर सच्चा स्वयंसेवक निकलकर भारत माता की रक्षार्थ सदैव सजग प्रहरी बनता है, अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज अपने स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है संघ के प्रथम सर संघचालक डॉ केशवराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना हिन्दू राष्ट्र की स्थापन व राष्ट्र हित के उद्देश्य से की, उन्होंने 1925 में स्थापना के बाद संघ का विस्तार धीरे धीरे पूरे राष्ट्र में किया और हिंदू राष्ट्र व राष्ट्र हित की नीतियों को आगे बढ़ाया, आज भारत उभरती हुई आर्थिक शक्ति बन रहा है।कार्यक्रम की अध्यक्षता उदासीन अवधूत बाबा पागलदास महाराज ने संघ के शताब्दी वर्ष पर संकल्प लेते हुए कहा कि मातृभूमि सर्वोपरि है, संघ और देश सेवा के लिए हम कभी पीछे नहीं हटेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला प्रचारक रौनक रहे जिन्होंने कहा कि संगठन ही हमारे लिए सर्वोपरि है और स्वयंसेवक उसकी सबसे मजबूत कड़ी है।तन, मन, धन से सेवा और समर्पण के माध्यम से हम सदैव राष्ट्रहित में कार्यरत रहेंगे।कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत शस्त्र पूजन के साथ की गई और संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार तथा द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना की गई, तत्पश्चात परम पूज्य भगवा ध्वज के समक्ष संघ प्रार्थना की गई। ध्वजवाहिनी में खंड सेवा प्रमुख कुश राठौर ने ध्वजारोहण किया जिसके बाद पथ संचलन की शुरुआत हुई।इस अवसर पर एक वर्ष से कम अवधि के नव-स्वयंसेवक शिवांश शर्मा पुत्र अंकेश शर्मा ने परम पूज्य भगवा ध्वज के समक्ष ध्वज प्रमाण किया, जो कार्यक्रम का अत्यंत प्रेरणादायक क्षण रहा। घोष प्रमुख स्कंध वशिष्ठ के नेतृत्व में घोष दल ने आकर्षक धुनों के साथ नगर का वातावरण राष्ट्रभाव से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला सामाजिक समरसता संयोजक मुरारीलाल, जिला शारीरिक प्रमुख विष्णु, खंड कार्यवाह हरवीर सिंह, कुटुंब प्रबोधन संयोजक विशंभर दयाल शर्मा, खंड व्यवस्था प्रमुख प्रदीप शर्मा, मुख्य शिक्षक सह खंड कार्यवाह अंकेश शर्मा, घोष प्रमुख स्कंध वशिष्ठ,नगर कार्यवाह आनंद शर्मा, अनूप गुप्ता, भगवान स्वरूप शर्मा,बस्ती पालक आकाश राठौर, संदीप वात्सल्य, हरेश पटसारिया, देवेंद्र मुद्गल, मनोज सोनी तथा सह खंड कार्यवाह विजय सिंह त्यागी मौजूद रहे।

## असंगठित मजदूरों की समस्याओं को लेकर भारतीय मजदूर संघ की बैठक आयोजित, 7 नई यूनियन बनाने का लिया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** भारतीय मजदूर संघ के जिला डीग की समस्त इकाइयों की बैठक रविवार को प्रदेश महामंत्री हरिमोहन की मुख्यातिथ्य में जलदाय कार्यालय परिसर में आयोजित की गई ,जिसमें असंगठित मजदूरों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को असंगठित क्षेत्र के संभाग प्रभारी मेंबर सिंह एवं सह संगठन संभाग प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने असंगठित मजदूरों की स्थिति और उनकी समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रदेश महामंत्री हरिमोहन ने नवगठित डीग जिले में असंगठित क्षेत्र की 7 नई यूनियन बनाने का लक्ष्य देते हुए आगामी 26 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने वाली भारतीय मजदूर संघ की हुंकार रैली में डीग जिले से 2500 मजदूर



कार्यकर्ताओं को रैली में आने का आह्वान किया । बैठक में डीग जिले में आशा सहयोगिनी ,आंगनवाड़ी कार्मिकों , मिड डे मील मजदूरों , भवन निर्माण श्रमिकों, पल्लेदार मजदूरों , ई रिक्शा श्रमिकों , ठेले लगाने वाले श्रमिकों की समस्याओं पर गहन चिंतन किया गया , और इन सभी की समस्याओं के निदान के लिए इनके पृथक संगठन बनाने की रूप रेखा तय की गई , ताकि असंगठित क्षेत्र के मजदूर संगठित होकर राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सके। साथ ही वह संगठित होकर अपने कार्यक्षेत्र की गंभीर समस्याओं को सरकार तक पहुंचा सके । बैठक की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र फौजदार ने की । बैठक में जिले की रोडवेज इकाई से हरेंद्र सिंह , जीतू गुर्जर , शिक्षा विभाग से भानु प्रताप सिंह, जलदाय विभाग से नवल सिंह शाहपुर ,राजेश शर्मा ,सुरेश , बिजली विभाग से लक्ष्मण सिंह ,राधाचरण ,परशुराम ,अमरचंद सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया ।

## संगठन सर्जन अभियान के तहत बड़ी ब्लॉक से प्रशांत सिंह परमार के नाम पर बनी सर्वसम्मति

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** कांग्रेस के संगठन सर्जन अभियान के अंतर्गत रविवार को बाड़ी ब्लॉक कार्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, नगर कांग्रेस कमेटी एवं अग्रिम संगठनों के पदाधिकारियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रशांत सिंह परमार को नए जिला कांग्रेस अध्यक्ष के पद हेतु प्रस्तावित किया जाए। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने एकमत होकर परमार जी के नाम का समर्थन किया और उन्हें संगठनात्मक अनुभव एवं जनसंपर्क की दृष्टि से उपयुक्त उम्मीदवार बताया।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा, नगर अध्यक्ष बाबुल भाई पठान, राजकुमार भारद्वाज, रामसेवक अजर, हरी सिंह पहाडिया, एल.एस. यादव, अनिल गर्ग, डॉ. महावीर गॉड, छुट्टन रिजवी, अंसार खान, अनिल अरेला, केशव मीणा, लज्जाराम कोली, मंगल सिंह कुशवाहा, रोशनी शिवहरे, नासिर खान, सिंगोरई मंडल अध्यक्ष महादेव मीणा, बाड़ी मंडल अध्यक्ष नईम खान, खानपुर मंडल अध्यक्ष रजत शर्मा कंचनपुर मंडल अध्यक्ष पप्पू सोलंकी डांग बसई मंडल अध्यक्ष रिशिपाल कंसाना अब्दुलपुर मंडल अध्यक्ष कृष्ण सिंह परमार योगेश अग्रवाल, मनीष मंगल, राकेश अजर, आर्यन राय, राजकुमार कंसाना, ध्रुव शुक्ला, महेश शर्मा सोनू दिवाकर, विजय नागर,, शुभम परमार, गजेंद्र गोस्वामी, परवेज पठान सहित अन्य संगठनों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सभी ने एक स्वर में आशा जताई कि प्रशांत सिंह परमार जी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस और अधिक मजबूत होगी तथा संगठन को नई दिशा और गति मिलेगी।

## बाड़ी में बिजली आपूर्ति ढाई घंटे देरी से बहाल: महाराज बाग समेत कई फीडरों पर हुआ काम, उपभोक्ता हुए परेशान

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी शहर में डिस्कॉम की ओर से किए गए मेंटेनेंस कार्य के कारण बिजली आपूर्ति तय समय से ढाई घंटे देरी से बहाल हुई। सुबह 8 बजे से शुरू हुई कटौती दोपहर 2.30 बजे समाप्त हुई, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। यह कार्य दीपावली त्योहार को देखते हुए किया गया था। बिजली वितरण निगम ने महाराज बाग स्थित 33 केवी फीडर पर मेंटेनेंस का काम किया। इसके साथ ही शहर के मलक पाड़ा, कीड़ी और अन्य कॉलोनियों में लगे ट्रांसफार्मर पर भी रखरखाव का कार्य किया गया। सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया कि इसी वजह से बिजली आपूर्ति सुचारु होने में अधिक समय लगा।

पूर्व घोषणा के अनुसार, बिजली कटौती 4 घंटे की होनी थी, लेकिन यह लगभग 6.5 घंटे तक चली। सरमथुरा रोड फीडर, हॉस्पिटल फीडर, गुमट, अजीजपुरा और रेलवे स्टेशन सहित शहर के कई इलाकों में बिजली गुल रही, जिससे नागरिकों को उमसभरी गर्मी में असुविधा हुई।

### अजमेर केकड़ी में आयोजित अखिल भारतीय बैरवा महासभा के चुनाव संपन्न

## समस्त जले एवं नागोला क्षेत्र के सैकड़ो मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक लिया चुनाव प्रक्रिया में भाग

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के केकड़ी उपखंड मुख्यालय पर अखिल भारतीय बैरवा महासभा पंजीकृत के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री राजस्थान, प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान, प्रदेश महामंत्री के पदाधिकारी के लिए रविवार 5 अक्टूबर 2025 को केकड़ी के प्रेम गार्डन होटल में चुनाव संपन्न हए।इस दौरान आयोजित चुनाव में समस्त जिले के सामाजिक वरिष्ठ नागरिकौ ने भाग



लिया। भीलवाड़ा जिले के कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि राजकुमार बेरवा शाहपुरा, पूर्व विधायक सुपुत्र राधेश्याम बेरवा कनेछन कला, नागोला के पूर्व व्याख्याता रामगोपाल बेरवा पाड़लिया के पंचायत समिति सदस्य भवानी शंकर बैरवा भिनाय बेरवा विकास समिति के अध्यक्ष नोरत मल बेरवा देवलिया कलां के किशन लाल बेरवा भिनाय अखिल भारतीय बैरवा महासभा तहसील अध्यक्ष उगमा राम ,सोबड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि आलोक बैरवा सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने केकड़ी में पहुंचकर उपरोक्त पदों के चुनाव हेतु उत्साह पूर्वक मतदान कर करके चुनाव प्रक्रिया को संपूर्ण किया। आयोजित चुनाव की वोटिंग गिनती 7 अक्टूबर को होगी। चुनाव व्यवस्थाएं बहुत ही निष्पक्ष एवं शानदार रही।

### अजमेर, बीसीआर में बजेगा केकडी बार का डंका

# साढे तीन करोड रूपये के विकास कार्य जल्द लेंगे मूर्त रूप-कोर्ट परिसर की होंगी कायाकल्प-मनोज आहूजा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर(घनश्याम दास)।** केकडी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज आहूजा द्वारा बार कांउसिल ऑफ राजस्थान के सदस्य पद पर चुनाव लडने की घोषणा के बाद शुक्रवार को आहूजा की मदर बार केकडी के सदस्यो ने एक समारोह आयोजित कर मनोज आहूजा का भव्य स्वागत किया। तथा अधिवक्ताओ ने आश्वस्त किया कि वे चुनावो में कदम से कदम मिलाकर बार अध्यक्ष मनोज आहूजा का साथ देते हुए स्वयं का वोट तो देंगे ही साथ ही अपने परिचित अधिवक्ताओ का भी वोट दिलवाने का प्रयास करेंगे। इस शुभ अवसर पर बार






एसोसिएशन कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओ ने बार अध्यक्ष मनोज आहूजा का साफा पहनाकर व अधिवक्ताओ ने माल्यापर्ण कर स्वागत भव्य अभिनन्दन किया। तथा केकडी बार एसोसिएशन के परिवार के सदस्य का राजस्थान में अधिवक्ताओ के सबसे बडे संगठन का चुनाव लडने पर गौरवान्वित मानते हुए भरपूर सहयोग व साथ देने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता चेतन धाभाई ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बार अध्यक्ष आहूजा ने विभिन्न पदो पर रहते हुए केकडी बार ही नही अपितु पूरे राजस्थान में अधिवक्ताओ के हितो के लिए संघर्ष किया है तथा अगर वे बार काउंसिल ऑफ राजस्थान सदस्य बनते है तो केकडी बार जैसे छोटे संगठन को राजस्थान में पूरा मान सम्मान मिलेगा जो खुशी की बात है।

इस मौके पर बार अध्यक्ष मनोज आहूजा ने कहा कि जब किसी व्यक्ति के साथ उसका परिवार मजबूती के साथ खडा रहता है तो उसे दुनिया की कोई ताकत हरा नहीं सकती है और उन्हें पूरा विश्वास है कि जिस प्रकार उन्होंने केकडी बार अध्यक्ष के चुनाव में भरपूर सहयोग किया है उसी प्रकार बीसीआर के चुनाव में भी पूरा सहयोग करते हुए केकडी बार की एकता और अखण्डता का परिचय पूरे प्रदेश में देंगे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता सलीम गौरी ने अपने चित परिचित अंदाज में गीत गजल गाकर आगामी बीसीआर चुनावो के लिए विजय होने की मनोज आहूजा को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कार्यक्रम में अधिवक्ता लोकेश शर्मा, मुकेश शर्मा, मुकेश गुर्जर, महावीर गुर्जर, नीतिन जोशी, मुरलीधर शर्मा, अब्दुल रहीम गौरी, आशा पाराशर, द्वारका प्रसाद पंचोली, अनुराग शर्मा, फरीद खान, नरेन्द्र कुमार लोधा, रविन्द्र मेवाडा, धर्मेन्द्र सिंह, लतीफ मोहम्मद, लैंसी झंवर, गजेन्द्र पाराशर, हरिप्रसाद मुंशी, अशोक वर्मा, बुद्धिप्रकाश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## राणा पूंजा जी जयंती पर निकली शोभायात्रा का भाजपा पदाधिकारियों ने किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** शौर्य, वीरता और पराक्रम के प्रतीक, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के वीर सहयोगी राणा पूंजा जी की जयंती के अवसर पर रविवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, युवा और समाजजन शामिल हुए, पूरे नगर में देशभक्ति और वीरता का वातावरण छा गया।

स्थानीय भाजपा कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर देशभक्ति गीतों के साथ "राणा पूंजा अमर रहे, जय मेवाड़, जय मातृभूमि" के नारे गूंज उठे। शोभायात्रा में रथ पर विराजित राणा पूजा के चित्र पर माल्यार्पण कर भाजपा पदाधिकारी ने नमन किया एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि राणा पूंजा जी ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके बलिदान और पराक्रम से आने वाली पीढियों को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। इस कार्यक्रम में भाजपा नगर महामंत्री कमलेश बनवार, नगर उपाध्यक्ष पुष्कर सोनी, जगदीश माली, लक्की आहूजा, नगर प्रवक्ता सुनील चाष्टा, नगर मंत्री कैलाश सेन, अशोक मालवीय, लोकेश सुथार, भाजयुमो के हितेश जोशी, अर्जुन सोनी, अंतरिक्ष साहू, भरत शर्मा, जयकिशन गगरानी आदि सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आज 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान का कपासन में होगा आगाज

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत सोमवार 6 अक्टू. 2025 दोपहर 3 बजे नगर कपासन में हस्ताक्षर कार्यक्रम राजमार्ग स्थित हर्षित पैलेस में आयोजित होगा।

जानकारी अनुसार देशभर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाये जा रहे उक्त अभियान में कपासन विधानसभा क्षेत्र के कर्मठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।इस हस्ताक्षर कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त कपासन विधानसभा प्रभारी आशीष पदावत,कांग्रेस जिला चितौडग़ढ़ अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी,प्रदेश कांग्रेस सचिव ललित बोरीवाल,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नारायणलाल जाट,पुरुषोत्तम टांक,कार्यकारी अध्यक्ष ममतेश शर्मा सहित कांग्रेस के अग्रिम संगठन सेवादल,यूथ कांग्रेस,एनएसयूआई,महिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। नगर कांग्रेस कमेटी कपासन के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता पवन शर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए इस अभियान में भाग लेकर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

## शरद पूर्णिमा पर श्री खांखरा वाले देवता इन्द्रा मार्केट की ओर से विविध धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा,(अमित शर्मा) ।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री खांखरा वाले देवता इन्द्रा मार्केट की ओर से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। शनिवार रात को सांगानेर स्थित महेश भवन में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति में लीन होकर हनुमानजी के जयकारे लगाए। कार्यक्रम संयोजक अशोक चेचाणी ने बताया कि सुन्दरकाण्ड पाठ का वाचन राष्ट्रीय संत पं. मिथिलेश नागर द्वारा किया गया। भक्ति संगीत की मधुर ध्वनि के बीच पूरा परिसर रामभक्ति से गूंज उठा। रविवार सुबह महेश भवन परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 40 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए और सभी ने मानव सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर बाहर से आए मरीजों एवं श्वांस रोगियों को दवाइयाँ भी वितरित की गईं। चेचाणी ने बताया कि 6 अक्टूबर, सोमवार को इन्द्रा मार्केट स्थित कार्यालय में श्वांस रोगियों को निःशुल्क दवा वितरण किया जाएगा, जो शाम तक जारी रहेगा। रविवार को ही चारभुजानाथ भगवान की प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और भक्ति भाव से कार्यक्रम का लाभ उठाया। इस दौरान समिति के सदस्यगण, भक्तगण एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और शरद पूर्णिमा के पावन अवसर को धार्मिक उत्सव के रूप में मनाया।

## खेत में काम कर रहे किसान पर जंगली जानवर का हमला, आंख बुरी तरह जख्मी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के धनोरा रोड पर एक खेत में काम कर रहे किसान पर जंगली जानवर ने हमला बोला है। घटना शनिवार शाम की बताई गई है। जंगली जानवर ने अचानक पीछे से आकर किसान को लहूलुहान किया है। हमले में किसान की एक आंख बुरी तरह जख्मी हुई है। ऐसे में घायल किसान को बाड़ी अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद धौलपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

धनोरा रोड निवासी बुजुर्ग 65 वर्षीय महिला भूरी देवी ने बताया कि उसका बेटा महेंद्र पुत्र सोवरन कुशवाहा अपने खेत पर शनिवार को फसल की रखवाली करने गया था। जहां शाम को जब वह खेत की मेढ़ पर बैठा हुआ था तो अचानक पीछे से जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। हमले में महेंद्र ने जब उसको भगाने का प्रयास किया तो जंगली जानवर ने सीधे उसकी आंख पर झप्पटा मारा। जिसमें वह घायल हो गया।

घटना के बाद लाठियां लेकर आये आसपास की किसानों ने जंगली जानवर को खोजने की कोशिश भी की लेकिन वह गायब हो गया। घायल महेंद्र का कहना है कि जंगली जानवर उसे जरख लग रहा था लेकिन वह कुछ समझ पाता है इससे पहले ही उसने उसे पर हमला बोल दिया।

### कड़े मुकाबले के बीच सीकर (17) व जयपुर (19) टीमें रही विजेता

## समापन समारोह में बोले ऊर्जा मंत्री सपने जागते हुए देखना चाहिए

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** नैनवां पीएम श्री सीनियर सैकण्ड्री स्कूल प्रांगण में आयोजित 69वी राज्य स्तरीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता के फाइनल मैच चार टीमो के बीच हुआ। कड़े मुकाबले से मैच रोमांचकारी बना। फाइनल मैच को देखने के लिए दर्शको की भीड़ मौजूद रही। 17 वर्षीय में सीकर एंव 19 वर्षिय में जयपुर रही विजेता। विजेता जयपुर टीम के खिलाडियों एंव 17 वर्षीय वर्ग में सीकर की टीम विजेता टीम के खिलाडियो को समापन समारोह में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सहित अन्य अतिथियो ने विजेता खिलाडियो को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता मीडिया प्रभारी पंकज जैन ने बताया कि नैनवां मे 29 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित हुई पहली राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों से 17 वर्षीय आयु वर्ग में 42 टीमे एंव 19 वर्षीय आयु वर्ग में 40 टीम के कुल 984 खिलाड़ी छात्राओं सहित 450 टीम प्रभारी और टीम कोच ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों को लेकर सुबह से खेल प्रेमियों,शहरवासियों में उत्सुकता बनी रही।दोनों वर्गों की टीमों के बीच फाइनल मुकाबले में कड़ी टक्कर देखने को मिली। प्रतियोगिता में अंतिम समय तक रोमांचक स्थिति बनी रही । प्रतियोगिता में पहले स्थान पर जीत हासिल करने के बाद खिलाडियों की खुशी भी दोगुनी हो गई। खिलाडी बालिकाओं ने पटाखे फोडक़र ढ़ोल नगाड़ो पर नृत्य कर खुशी मनाई। इस अवसर पर विजेता टीम खिलाडियों और प्रतियोगिता के श्रेष्ठ खिलाडी को ट्रॉफी,शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए।

सपने सोते हुए नहीं जागते हुए देखना चाहिए-69वी राज्य स्तरीय खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि खेल को निडरता और खेल भावना से खेलना चाहिए।सपने सोते हुए ही नहीं जागते हुए देखना चाहिए ताकि अवश्य सफलता मिले। अध्यक्षता बीजेपी जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सरिता नागर, सीडीईओ कुंजबिहारी भारद्वाज, डीईओ माध्यमिक प्रीतिबाला शर्मा, सीबीईओ ओमप्रकाश बुनकर मौजूद रहें। प्रतिवेदन प्रतियोगिता संयोजक प्रकाशचंद धाकड़ ने प्रस्तुत किया। मंच संचालन अनिता डांगी ने किया। सभी छात्राओं व प्रतियोगिता मे लगे कार्मिको का रविवार का अल्पाहार और भोजन मुकेश जोशी एंड टीम द्वारा करवाया गया। दो अंकों से जीती जयपुर की टीम-प्रतियोगिता का पहला मुकाबला 19 वर्ष आयु वर्ग में हनुमानगढ़ और जयपुर के बीच हुआ। दोनों टीमों में कड़ी टक्कर देखने को मिली। 11-11बराबर अंक आने की वजह से मैच टाइ रहा फिर दोनों टीमों को 9-9 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जिसमें 7-5 के अंतराल में 2 अंक से जयपुर ने जीत हासिल की और पहला स्थान प्राप्त किया। हनुमानगढ़ को दूसरा स्थान मिला। तीन अंकों से जीती सीकर की टीम-प्रतियोगिता का दूसरा मैच 17 वर्षीय आयु वर्ग में सीकर और हनुमानगढ़ की टीमों के बीच खेला गया।पहले राउंड में दोनों ने 5-3 अंक प्राप्त किये।

दूसरे राउंड के मुकाबले में स्थिति रोमांचक बनी रही।सीकर की टीम ने 5 अंक प्राप्त किए,वहीं हनुमानगढ़ की टीम 4 अंक ही बना पाई। प्रतियोगिता में सीकर की टीम ने तीन अंकों से जीत हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया।हनुमानगढ़ को दूसरा स्थान मिला। दोनों वर्गों में हनुमानगढ़ रही उप विजेता-प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में हनुमानगढ़ की टीम कड़ा मुकाबला करते फाइनल में पहुंची,लेकिन अंतिम मुकाबलों में हारने से दोनों ही वर्गों में उप विजेता रही।प्रतियोगिता मे तृतीय व चतुर्थ स्थान के लिए हुए मैच में 17 वर्षीय आयु वर्ग में चुरू की टीम तृतीय व बीकानेर की टीम चैथे स्थान पर रहीं।19 वर्षीय आयु वर्ग में बीकानेर तीसरे व सीकर की टीम चैथे स्थान पर रहीं।

## नपा कपासन के दशहरा मेले में आयोजित कवि सम्मेलन ने श्रोताओं को खूब हंसाया

### खेलकूद में विजेता रही टीमों को अतिथियों ने पारितोषित प्रदान किए

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया )।** कपासन -नगर पालिका मंडल कपासन के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय दशहरा मेला 2025 के तीसरे दिवस शनिवार को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

साथ ही ही विधायक अर्जुनलाल जीनगर,नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी एवं दशहरा मेला कमेटी अध्यक्ष,नगर पालिका पार्षद पुष्पा वैष्णव एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली आदि जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में बैडमिंटन,कबड्डी,लॉन टेनिस प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीमों को प्रशस्ति पत्र व पारितोषित प्रदान किये गये। इधर कवि सम्मेलन का शुभारंभ वीर रस की कविताओं के साथ हुआ।हास्य व व्यंग्य की रचनाओं पर श्रोताओं ने खूब ठहाके लगाकर लुत्फ उठाया।साथ ही श्रृंगार रस की कवयित्री योगिता चौहान ने प्रेम और प्रीत के छंद सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।वीर रस के कवि राम भदावर ने मेवाड़ की महिमा व राष्ट्रवाद पर आधारित रचनाओं से श्रोताओं में उत्साह का संचार किया।वीर रस के कवि अपूर्व विक्रम शाह ने ओजस्वी रचनाओं से श्रोताओं जोश भरा तथा व्यंग्यकार कवि संजय झाला ने व्यंग्य रचनाओं के साथ मंच संचालन किया।जिससे दर्शकों का खूब मनोरंजन हुआ।मेवाड़ी भाषा के हास्य कवि सुनील व्यास व गोपाल धुरंधर ने श्रोताओं को खूब हंसाया। प्रार्थना नवीन ने पैरोडी के माध्यम से व हिमांशु बवंडर ने अपनी रचनाओं से दर्शकों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर सांवलियाजी मंदिर मंडल अध्यक्ष जानकीदास वैष्णव,नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय,वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चंडालिया,निवर्तमान मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया, नपा कनिष्ठ अभियंता खेमराज गुर्जर,रामप्रसाद गायरी, गोपाललाल सुथार,प्रकाशचंद्र शर्मा सहित नगर पालिका कपासन के पार्षद एवं कार्मिकगण उपस्थित रहे।

## रामायण मंडल सांगानेर के दस दिवसिय अखण्ड रामायण पाठ सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाडा,(अमित शर्मा) ।** शारदीय नवरात्र में सांगानेर के भीमाशंकर महादेव में दस दिवसिय अखण्ड रामायण पाठ का समापन 108 हनुमान चालीसा पाठ व भगवान को छप्पन भोग लगाकर किया गया। कार्यक्रम के संयोजक महावीर प्रसाद आगाल एवं कवि सुरेंद्र ने बताया कि रामायण मण्डल सांगानेर द्वारा हर माह एक अखण्ड रामायण पाठ किया जाता है जो प्रातः 4.15 बजे प्रारम्भ होकर रात्रि 11 बजे पूर्ण हो जाता है। लेकिन इस नवरात्र में रामायण मण्डल के सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि नवरात्र के नौ दिनों में अखण्ड रामायण का पाठ करना है। और सभी भक्तों के सहयोग से यह सम्भव हो सका।

इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में वृद्ध से लेकर तरुण तक सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी। सोहन पटवारी, रामदयाल कोठारी, ओमप्रकाश कोठारी आदि वरिष्ठतम सदस्यो की गौरवमय उपस्थिति रही। मातृशक्ति ने इस अनुष्ठान में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

श्रीमति शारदा शर्मा, श्रीमति पुष्पा कोठारी, श्रीमति मधु मलकरा, श्रीमति चन्दा देवी आगाल, श्रीमति चन्दा देवी छापरवाल, श्रीमति सुमित्रा देवी, श्रीमति संगीता, श्रीमति प्रतिभा, श्रीमति दुर्गा, श्रीमति लीला आदि ने अपना अमूल्य समय इस अनुष्ठान में दिया। सबसे महत्वपूर्ण रहा इस अनुष्ठान का उद्देश्य जो सनातन धर्म की रक्षा हज़ारो वर्षो तक उसके शिखर पर रहने की अभिलाषा रही। रामेश्वर जाट ने बताया कि इस अनुष्ठान का उद्देश्य न केवल आत्मिक शांति रहा वरन सनातन को संगठित कर उसे शिखर पर पहुचाने का रहा। संसार मे चारो ओर सनातन की श्रेष्ठता रहे सब लोगो मे दया ममता करुणा त्याग कर्त्तव्य परायणता रहे यही रामायण मण्डल का उद्देश्य था।

## ज्वालामुखी मंदिर परिसर में प्लास्टिक कचरे की सफाई

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** नवरात्रा पर्व के दौरान ज्वालामुखी माता मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा वितरित किए गए प्रसाद के बाद परिसर व पहाडियों में प्लास्टिक के दोने और थैलियाँ चारों ओर फैल गई थीं जनता जनार्दन समूह के सदस्यों ने मंदिर परिसर एवं सीढियों के दोनों ओर की पहाडियों में जमा प्लास्टिक और पॉलीथिन को एकत्र कर सफाई अभियान चलाया।जनता जनार्दन टीम ने सभी भक्तों एवं ब्यावरवासियों से अपील की है कि वे धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाएँ। यदि प्रसाद वितरण प्लास्टिक में किया जाता है तो कृपया निकट ही कचरा पात्र रखें ताकि स्थल स्वच्छ बना रहे। सफाई अभियान में रणजीत सिंह, रोहित चौहान, अंशुल यादव, शिवराज वैष्णव, नकुल चौहान, पुष्पेन्द्रपाल पंवार, राहुल भाटी, ख़ुशवन्त चौहान, शहज़ाद काठात, कुलदीप तिवारी, विकास वैष्णव सहित अनेक सदस्य सक्रिय रहे।

## युवाचार्य महेंद्र ऋषि म.सा. की जन्म जयंती को कपासन में 150 एकासन तप के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषि म.सा. की जन्म जयंती को वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन के तत्वावधान में रविवार को नगर में स्थित अंबेश भवन में शासन प्रभाविका कंचन कंवर म.सा. के सानिध्य में एकासन तप के रूप मनाया गया।

इस मौके पर डॉ. सुलोचना म.सा. ने श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषि म.सा. के जीवन पर बताया कि पुणे महाराष्ट्र में चाकन गांव में 5 अक्टूबर 1967 को पिता स्वार्थीलाल भटेवरा के यहां माता लीला बाई की कुक्षी से जन्म लिया।बचपन का नाम मंजूनाथ तथा 7 वर्ष की उम्र में वैराग्य काल आया।जब आचार्य आनंद ऋषि मा.सा. आपके गांव पधारे एवं 3 फरवरी 1982 को पुणे में दिक्षा आचार्य आंनद ऋषी के सानिध्य में दीक्षा ली।आचार्य आनंद म.सा. का देवलोक गमन होने के बाद डॉ. शिव मुनि म.सा. ने मंत्री पद सौंपा तथा 29 मार्च 2015 युवाचार्य घोषित किया। श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया की युवाचार्य के जन्मोत्सव को 150 एकासन के साथ मनाया गया।साथ ही पनवेल मे जन्मदिन पर 2026 का चार्तुमास भीलवाड़ा में शान्ति भवन के लिए घोषित हुआ।प्रभावना व एकासन के लाभार्थी अशोक कुमार व अनिल कुमार बापना की ओर से रही।

इस अवसर पर शंकरलाल लोढ़ा,अनिल बाघमार, प्रकाश आंचलिया,रूपलाल डांगी,प्रकाश चंडालिया, महिला मंडल अध्यक्ष प्रियंका दुग्गड़,महिला मंडल मंत्री एवं पूर्व नगर पालिका कपासन पार्षद सुनीता सांवला,महिला मंडल कोषाध्यक्ष अंगूर बाला सिरोया आदि श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम का संचालन राजेश खाब्या द्वारा किया गया।

### चौदह जोड़ो के चश्मदीद बने प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि

## गोसिया मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी द्वारा 14 जोड़ों का सफल आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** गुजिश्ता वर्षों की भांति इस वर्ष भी संस्था द्वारा निशुल्क विवाह सम्मेलन शहर के मैल मैदान में संपन्न हुआ जिसमें भवानी मंडी, बोलिया, वैष्णो धाम मंडी, आवर, उज्जैन माचलपुर आदि शहरों के 14 जोड़ों निकाह संपन्न कराया गया।

इस विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद दिया तथा उन्हें अपने जिम्मेदारी कर्तव्य और समर्पण का मंत्र दिया तथा समाज में फैली बुराइयों फिजूल खर्ची आदि की बचत करते हुए विवाह-सम्मेलनों का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया।आयोजन में उपखंड अधिकारी श्रद्धा गोमै,नगरपालिका प्रशासन सहित विभिन्न विशिष्ट अतिथियों में भाजपा, कांग्रेस एवं एसडीपीआई के जन प्रतिनिधियों ने पहुंच कर नव विवाहित 14 जोड़ों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

संस्था द्वारा मुस्लिम समाज की प्रतिभाओं को विशिष्ट अतिथि द्वारा सम्मानित कराया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में केजीएन कमेटी एसडीपीआई कमेटी लंगर कमेटी कोर्स कमेटी पचपहाड़, हुसैनी कमेटी शन हैदरी कमेटी, जश्ने गरीब नवाज कमेटी, दावत-ई-इस्लामी कमेटी गुलाम में अल्ताफ हुसैन कमेटी समस्त मुस्लिम अंजुमन कमेटी एवं शिव मित्र मंडली ने इस आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए विशेष सहयोग दिया। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक संस्था अध्यक्ष सोहेल खान जिलानी, कोषाध्यक्ष सायीदुद्दीन गौरी, हाजी आफताब चौधरी नीतू,एवं सलीम अब्बासी सिटीजन टांसपोर्ट रहे जिन्होंने अपने तन मन धन से सहयोग किया। आयोजन के दौरान दावत ए आम का प्रोग्राम भी रखा गया।

शिक्षा के क्षेत्र में रुचि रखते हुए शादी ब्याह,जन्मदिन एवं अन्य पार्टियों में होने वाले अनावश्यक खर्चो पर अंकुश लगाते हुए सामाजिक सरोकार करते हुए नबी अकरम सल्लल्लाहो अलेह व सल्लम के सुन्नत तरीकों पर अमल करते हुए 14 जोड़ों का शहर काजी अब्दुल वहाब खान एवं अन्य पेश इमाम के जरिए निकाह (अह निकाह मीन सुन्नति) पढ़ाया गया। जिसमें शहर के आसपास दुरदराज से आए हुए दुल्हा-दुल्हनों के साथ परिजनों खशो -अखरबा, अजीज दोस्तों, सहेलियों एवं साथियों ने मिलकर शिरकत की और दूल्हा-दुल्हन को मुबारकबाद पेश की।

आज के सफल आयोजन को देखते हुए जमीयत उलेमा हिंद जिला झालावाड़ संस्था द्वारा सामाजिक कार्य की प्रशंसा करते हुए गौसिया मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी को मुबारकबाद पेश करते हुए भविष्य में भी ऐसे सफल आयोजन करने के संस्था से आग्रह करते हुए यह विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी जमीयत उलेमा हिंद जिला -झालावाड़ भी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी।

# टापुर बांध में डूबने से महिला की मौत

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले के टापुर बांध में डूबने से टापुर गांव की मनभर देवी की मौत हो गई।



वह सुबह करीब 9 बजे खेत से ढील बांध पर भैंसों को पानी पिलाने गई थीं, तभी पैर फिसलने से पानी में गिर गईं। घटना की सूचना पर शिवाड़ चौकी स्टाफ मौके पर पहुंचा।

ग्रामीणों ने बताया कि मृतका के पांच नाबालिग बच्चे हैं। कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला का शव लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। घटना पर जिला परिषद सदस्य प्रेमप्रकाश शर्मा ने शोक जताते हुए प्रशासन से हरसंभव मदद की मांग की है।

**पति की भी हो चुकी है मौत :** महिला के पति जयसिंह की पहले ही मौत हो चुकी है। अब महिला मनभर देवी की भी मौत हो चुकी है। ऐसे में 5 बच्चों के सिर से अब मां का साया भी उठ गया है। बच्चों का रो—रोकर बुरा हाल है। महिला की मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# पशुपालन के डॉ. अनिल मीणा के एपीओ से विभाग मे दिखी खुशी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/ रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** रामगंजमंडी के सातलखेड़ी कस्बे में शनिवार को आयोजित समस्या समाधान शिविर के दौरान पशुपालन विभाग की महिला कर्मचाररी शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त करने पहुँच गयी।

महिलाओं ने कहा कि विभाग द्वारा वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. अनिल मीणा पर की गई कार्रवाई से उन्हें राहत मिली है।

महिला कर्मचारियों ने मंत्री दिलावर को धन्यवाद देते हुए बताया कि डॉ. मीणा के व्यवहार और कार्यशैली से वे लंबे समय से परेशान थीं। उन्होंने इस कार्रवाई को न्याय की दिशा में उठाया गया सही कदम बताया और विभाग से निष्पक्ष माहौल में कार्य करने की उम्मीद जताई।

गौरतलब है कि रामगंजमंडी के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. अनिल मीणा हाल ही में प्रशासनिक कारणों से ए.पी.ओ. कर जयपुर भेजे गए हैं। उनका नाम बीते कई वर्षों से रामगंजमंडी क्षेत्र के राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय रहा है। सातलखेड़ी शिविर में महिलाओं की ओर से व्यक्त किया गया यह धन्यवाद इस बात का संकेत माना जा रहा है कि विभागीय कार्रवाई से निचले स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों में भी संतोष और विश्वास की भावना पैदा हुई है।

# जिला कांग्रेस कमेटी कोटा देहात की संगठन सृजन अभियान बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(विनोद गौड़)।** जिला कांग्रेस कमेटी कोटा देहात की ओर से 6 अक्टूबर सोमवार क़ो प्रातः 11:00 बजे बैठक का आयोजन किया जायेगा। जिला कांग्रेस कार्यालय,गुमानपुरा,कोटा में एआसीसी द्वारा नियुक्त कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक तेलंगाना के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जेटी कुसुमा कुमार संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक लेंगे। बैठक में दौसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद मुरारीलाल मीणा, पीसीसी महासचिव राजेंद्र यादव और पीसीसी सदस्य विरेन्द्र सिंह झाला उपस्थित रहेंगे।बैठक में लोकसभा- विधानसभा के प्रत्याशी विधायक गण, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कमेटी के पदाधिकारी गण, पीसीसी पदाधिकारी सदस्य गण, नगर पालिकाओं के समस्त पार्षदगण, ब्लॉक अध्यक्ष गण,जिला परिषद व पंचायत समितियों के सभी सदस्य तथा अग्रिम संगठनों/प्रकोष्ठों के अध्यक्ष गण बैठक में भाग लेंगे।

कांग्रेस नेता पूर्व विधायक कोटा उत्तर एवं प्रत्याशी कोटा-बूँदी लोकसभा प्रहलाद गुंजल ने सभी पदाधिकारियों से भाग लेने का अव्हाहन किया गया है।

# सैनी महासभा द्वारा किया गया सैकड़ों प्रतिभाओं और भामाशाहों का सम्मान!

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित दयावाली मन्दिर परिसर के पास स्थित सैनी महासभा भवन परिसर में सैनी समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि उदयपुरवाटी से विधानसभा प्रत्याशी रहे संदीप कुमार सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फूले दम्पति पर बनी फ़िल्म सैनी समाज के साथ -साथ सभी 36बिरादरी के लोगों को देखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनी समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में रविवार को सैकड़ों प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिसमें विद्यार्थी, भामाशाह, व्यापारी और राजकीय सेवाओं में प्रतिभा दिखाने वाले लोग समलित रहे। उन्होंने कहा कि मैं आभार व्यक्त करता हूँ स्थानीय कमेटी का जिन्होंने ऐसा अनूठा आयोजन किया। सैनी ने कहा कि स्थानीय कमेटी का यह 14वाँ आयोजन है जिसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद। कार्यक्रम की अध्यक्षता फूले ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसिंह सैनी ने की। इस मौके पर सैनी महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष ठेकेदार समाजसेवी निरंजन लाल सैनी सैनी ने कहा कि आज के इस आयोजन में समस्त सैनी समाज बानसूर और भामाशाहों का योगदान बहुत ही सराहनीय रहा उसके लिए मैं समाज के समस्त बन्धुओं को सादर धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ और अपेक्षा करता हूँ की आगामी वर्षों में आज से दो गुणी प्रतिभाओं का सम्मान हम सबको मिले। इस मौके पर कोटपूतली बहरोड़ जिले के आदर्श सैनी समाज के जिलाध्यक्ष बबलू बबेरवाल, पत्रकार बिल्लूराम सैनी,जिला उपाध्यक्ष गोरधन सैनी, पूर्व पार्षद रोशनलाल सैनी, आदित्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन के निदेशक एडवोकेट मगनसिंह सैनी, जगदीश सैनी शाहपुरा, सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष पूरण मल सैनी, दयालावाली मन्दिर के महंत पुरुषोत्तम शरणदास महाराज, राज इंटरनेशनल स्कूल रेवाड़ी के नवीन सैनी, नीमराणा के प्रॉपर्टी डीलर अशोक सैनी, बानसूर के महेन्द्रनाथ महाराज, न्यूपैरागॉन स्कूल कोटपूतली के निदेशक कैलाश चन्द सैनी,बानसूर के एसीबीईओ धर्मवीर सैनी, ठेकेदार मन्नालाल सैनी, मामराज सैनी,सैनी समाज बर्डोद के प्रधान महावीर सैनी, सैनी सहित समारोह के अतिथि उपस्थित हुए। तो वहीं भामाशाहों ने भी दान करने में अपने सामर्थ्य के अनुसार दान करने में कोई कोताही नहीं बरती।भामाशाहों के नाम सोमवार को कोर कमेटी करेगी जारी !वहीं समाज के गणमान्य लोगों सहित सैनी समाज की प्रतिभाएँ मौजूद रही।

### सहकारी चीनी कारखाने की विस्तारित क्षमता का उद्घाटन

# मोदी के PM बनने के बाद चीनी सहकारी क्षेत्र को हुआ लाभः शाह

बढ़ता राजस्थान

**(एजेंसी)। अहिल्यानगर (महाराष्ट्र)** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत के चीनी सहकारी क्षेत्र को काफी लाभ हुआ है।

शाह अहिल्यानगर जिले में डॉ. विट्ठलराव विखे पाटिल सहकारी चीनी कारखाने की विस्तारित क्षमता का उद्घाटन करने के बाद एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने चीनी सहकारी समितियों से गैर पेराई सत्र में भी मल्टी-फीड एथनॉल का उत्पादन करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि एथनॉल मिश्रण के कारण चीनी सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति बदल गई है। शाह ने सहकारिता आंदोलन की एक प्रमुख हस्ती विट्ठलराव विखे पाटिल और उनके बेटे तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री बालासाहेब विखे पाटिल की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया। शाह ने कहा कि महाराष्ट्र के कई हिस्सों में हाल में हुई भारी बारिश और बाढ़ आने से व्यापक नुकसान हुआ है।



मैंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और दोनों उपमुख्यमंत्रियों - एकनाथ शिंदे और अजित पवार के साथ एक विस्तृत बैठक की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से, मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि एक बार विस्तृत रिपोर्ट हमें सौंप दिए जाने के बाद, प्रधानमंत्री मोदी महाराष्ट्र के किसानों को कोई भी मदद देने में देरी नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पिछले वर्ष की सहायता में से 3,132 करोड़ रुपए पहले ही जारी कर चुकी है, जिसमें इस वर्ष अप्रैल में दी गई 1,631 करोड़ रुपए की सहायता भी शामिल है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने भी 2,215 करोड़ रुपए की राहत राशि प्रदान की है।

### शिरडी स्थित साईबाबा मंदिर में की पूजा-अर्चना

महाराष्ट्र के एक दिवसीय दौरे पर आए गृह मंत्री शाह ने शिरडी स्थित साईबाबा मंदिर में रविवार को पूजा-अर्चना की। शाह अहिल्यानगर जिले के शिरडी मंदिर नगर शनिवार रात पहुंचे। शाह के साथ राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं अजित पवार तथा अन्य लोग भी थे। शाह ने शिरडी में शनिवार देर रात महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य के उपमुख्यमंत्रियों एकनाथ शिंदे तथा अजित पवार के साथ शिरडी में बैठक की। सूत्रों ने बताया कि नेताओं ने विभिन्न विकास परियोजनाओं और प्रमुख प्रशासनिक मामलों की प्रगति की भी समीक्षा की।

# लोक परिवहन की बस ने बाइक के मारी टक्कर, भाई-बहिन हुए घायल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** रविवार की शाम को लोक परिवहन की बस ने एक मोटरसाइकिल के टक्कर मार दी। जिससे भाई बहिन घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को राजकीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से भाई को जयपुर रैफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि रविवार की शाम अंकित पुत्र कमलेश मीणा व उसकी बहन अंकिता पुत्री कमलेश मीणा ट्यूशन पढकर मोटरसाइकिल से अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान बाईपास पर बरथल तिराहे पर लोक परिवहन की बस जयपुर की ओर जा रही थी। बस ने बाइक के टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से अंकित का प्राथमिक उपचार करके जयपुर रैफर कर दिया। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया।

### कांग्रेस का केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर प्रहार, कहा-

# धन के केंद्रीयकरण से बढ़ रही है असमानता

बढ़ता राजस्थान

**(एजेंसी)। ।नई दिल्ली** कांग्रेस ने धन के केंद्रीकरण के मुद्दे को उठाते हुए रविवार को आरोप लगाया कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों से प्रेरित है और कहा कि यह सिर्फ अर्थव्यवस्था के लिए समस्या नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर भी सीधा हमला है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की जिसमें दावा किया गया है कि भारत अब अरबपतियों का नया केंद्र बन रहा है और देश में अमीर लोगों की संख्या साल दर साल तेजी से बढ़ रही है। रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, एक के बाद एक रिपोर्ट भारत में धन के व्यापक केंद्रीकरण के बारे में आगाह कर रही है। एक तरफ करोड़ों भारतीय रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ सिर्फ 1,687 लोगों के पास देश की आधी दौलत है। उन्होंने कहा, धन का इतना बड़ा केंद्रीकरण हमारे देश में विकराल आर्थिक असमानता पैदा कर रहा है। यही असमानता व्यापक सामाजिक असुरक्षा और असंतोष को जन्म दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के गठजोड़ से चंद अमीर उद्योगपति और अमीर होते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की नीतियां उनके चंद उद्योगपति मित्रों के फायदे के लिए ही केंद्रित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र, अभूतपूर्व दबाव में है और यह दबाव केवल घरेलू नीतियों



### महाराजा अजमीढ़ जयंती महोत्सव

# देश की कला, संस्कृति और अर्थव्यवस्था की मजबूती में स्वर्णकार समाज का अहम योगदान




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महाराजा अजमीढ़ चंद्रवंशी परंपरा के महान शासक होने के साथ ही उच्च कोटि के कलाकार भी थे। उन्होंने आभूषण और कलाकृतियां बनाने की कला को अपनी प्रजा और वंशजों के लिए एक गौरवशाली व्यवसाय में बदलने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि स्वर्णकार समाज महाराजा अजमीढ़ की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए देश की कला, संस्कृति और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम योगदान दे रहा है।

श्री शर्मा रविवार को जयपुर के अग्रवाल कॉलेज में श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा द्वारा आयोजित महाराजा अजमीढ़ जयंती महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सोने को तराशकर उसमें प्राण फूंकने की जो कला स्वर्णकार समाज के पास है, वह दुनिया के अन्य किसी समाज में देखने को नहीं मिलती। उनके द्वारा बनाए जाने वाले आभूषण भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। श्री शर्मा ने कहा कि जयपुर विशेष रूप से रत्न एवं आभूषणों के एक वैश्विक केंद्र के रूप में विख्यात है। यहां के कारीगरों द्वारा तैयार किए गए रत्न और सुंदर आभूषण अंतरराष्ट्रीय बाजार में जयपुर को विशेष पहचान दिलाते हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलने के साथ ही, लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हस्तशिल्प के हुनर को सम्मान देने के साथ ही, प्रदेश में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अनेक स्तर पर प्रयास कर रही है। प्रदेश के आर्थिक विकास को सर्वोपरि रखते हुए पिछले 22 महीनों में हमने आर्थिक सुधार लाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए कई उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। र्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में राजस्थान अपराध के मामले में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल था। हमने सरकार बनते ही, इसे गंभीरता से लिया और प्रदेशवासियों को सुरक्षित वातारण उपलब्ध करवाने के लिए कई ठोस कदम उठाए। परिणामस्वरूप राज्य में पिछले लगभग पौने दो वर्षों के दौरान अपराध दर में तेजी से गिरावट आई है। अपराधियों के खिलाफ सख्त कानून तैयार करने, मजबूत कानून-व्यवस्था, पारदर्शी नीति और तत्पर कार्रवाई से आमजन में सुरक्षा की भावना प्रबल हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। हमने पुलिस प्रशासन को मजबूत करते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। आज राजस्थान में व्यापारी निश्चिंत होकर अपना व्यवसाय कर सकते हैं। इस अवसर पर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, जयपुर हैरिटेज नगर निगम महापौर श्रीमती कुसुम यादव, श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा के अध्यक्ष श्री विजेन्द्र जोड़ा सहित बड़ी संख्या में स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधिगण एवं आमजन उपस्थित रहे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।